रोहतक
गुरुवार 8 अक्टूबर 2026
अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 245
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 37.5°C
न्यून. 21.6°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



दिल्ली में चार मंजिला इमारत ढही, तीन की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के सीमापुरी इलाके में मछली मंडी के पास बुधवार को एक जर्जर चार मंजिला इमारत अचानक गिर गई। इस हादसे में 2 बच्चों और एक गर्भवती महिला गुलफसा (21) की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शाम तक मलबे से 11 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे में घायल 8 लोगों को इलाज के लिए राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले जाया गया है। घायलों में मोमिन मिर्जा, अबदान, अब्दुल रहमान, देव रुद्वीन, सलमा, छोटे, सकीना और समद के रूप में हुई है। यह इमारत ईदगाह मस्जिद के पास स्थित थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, हादसा दोपहर करीब 3:10 बजे हुआ। हादसे के समय बिल्डिंग की पहली मंजिल पर एक परिवार के 4 से 5 लोग मौजूद थे।

ईदगाह मस्जिद के पास दोपहर बाद 3.10 बजे हादसा

8 घायल अस्पताल में भर्ती, 11 को सुरक्षित बचाया

3 साल में ऐसी 1133 घटनाएं

दिल्ली में जर्जर इमारतों की सुरक्षा एक बार फिर सवालों के घेरे में है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 2022 से 2025 के बीच दिल्ली में इमारत गिरने की 1133 घटनाएं हुईं। इनमें 98 लोगों की मौत हुई। सीमापुरी हादसे ने राजधानी में पुराने और असुरक्षित भवनों की निगरानी तथा सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

'हम करके रहेंगे': 2047 तक विकसित भारत बनाएंगे : मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दोहराते हुए बुधवार को नया नारा दिया 'हम करके रहेंगे।' बतौर पीएम-सीएम 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 'विकसित भारत संकल्प सभा' में मोदी ने कहा कि दूरदर्शी नीतियों और अथक परिश्रम से भारत बड़े लक्ष्यों को हासिल करेगा। चुनौतियां जरूर हैं, लेकिन देश के पास 140 करोड़ समाधान भी हैं। 2047 तक विकसित भारत बनना, दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होना, आत्मनिर्भर बनना, वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनना, ओलंपिक की मेजबानी। इन सभी लक्ष्यों को भारत 'करके रहेगा।' वी विल डू इट... हम करके दिखाएंगे।' पीएम ने बुधवार को अपने सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में इस नारे का 19 बार जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'जब तक भारत विकसित नहीं होता, तब तक न थकूंगा, न रुकूंगा।'

'कर्म ही सब कुछ, कर्म ही मेरा धर्म'; काम और प्रयास नहीं रुकेंगे



बतौर पीएम-सीएम 25 साल पूरे करने का रिकॉर्ड बनाया

- 'विकसित भारत संकल्प सभा' में पीएम बोले-जनता भगवान, भाजपा कार्यकर्ता मेरी ताकत
- दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने का संकल्प
- आत्मनिर्भर भारत और वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने का लक्ष्य
- ओलंपिक की मेजबानी और अंतरिक्ष क्षेत्र में बढ़ाएंगे कदम
- जाति के नाम पर समाज को बांटना देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती
- 25 साल में 25 करोड़ लोगों के गरीबी से बाहर आने का किया उल्लेख

जब तक भारत विकसित नहीं होता न थकूंगा और न ही रुकूंगा

मिशन के लिए जीता हूं

मोदी ने कहा, 'मैं महत्वाकांक्षा नहीं, मिशन के लिए जीता हूं। जिसने मुझे गिराया, उसी ने खड़ा होना सिखाया। जिसने मेरा विरोध किया, उसने लोकतंत्र की शक्ति समझाई।' उन्होंने कहा कि 25 साल पीछे मुड़कर देखने पर उपलब्धियों से ज्यादा कृतज्ञता का भाव आता है। हर घटना ने कुछ सिखाया और नम्र होना सिखाया। ईश्वर से यही मांगा कि सीखने की इच्छा कभी कम न हो। "हमने इस राष्ट्र में जन्म लिया है, ये एहसास ही अमृत है। इसके सामने सत्ता सुख कुछ नहीं है। पद-प्रतिष्ठा तो कहीं भी मिल सकती है, लेकिन भारत जैसी पुण्यभूमि नहीं मिलेगी। 25 सालों का आकलन इससे नहीं होगा कि मैं कहां पहुंचा, बल्कि इससे होगा कि मेरा देश कहां पहुंचा।"

समाधान सबके लिए हो

प्रधानमंत्री ने चुनाव के दौरान जाति के आधार पर समाज को बांटने को देश के सामने मौजूद बड़ी चुनौतियों में शामिल बताया। उन्होंने कहा कि समस्याएं जाति और समुदाय देखकर नहीं आतीं। किसान के खेत में पानी नहीं है या बिजली नहीं है तो उसका असर किसी एक जाति तक सीमित नहीं रहता। इसलिए यदि समस्या सबकी है तो समाधान भी सबके लिए होना चाहिए।

जनता का धन्यवाद

मोदी ने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेते समय उन्होंने नहीं सोचा था कि प्रशासन के प्रमुख के रूप में लगातार 25 वर्ष तक सेवा करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने जनता, भाजपा कार्यकर्ताओं, राजग सहयोगियों और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले लोगों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा, पिछले 25 वर्षों में जनता ने हर बार उन्हें सेवा का अवसर दिया और इन वर्षों का अनुभव केवल उनकी निजी पूंजी नहीं, बल्कि राष्ट्र की पूंजी है। प्रधानमंत्री ने अपने राजनीतिक जीवन को मिशन और निस्वार्थ सेवा से जोड़ते हुए कहा कि उनका जीवन का लक्ष्य देश की सेवा रहा है। "कर्म ही सब कुछ है, कर्म ही मेरा धर्म है।" उन्होंने कहा कि काम रुकना नहीं चाहिए और प्रयास थमना नहीं चाहिए।

इंडिया ब्लॉक का सीईसी ज्ञानेश के खिलाफ लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन

फिर हिरासत में लिए राहुल प्रियंका, जमकर हंगामा

हिरासत में लिए गए अन्य नेता छत्रसाल स्टेडियम ले जाए गए, पुलिस तैनात

आज 'काला दिवस' मनाएगी कांग्रेस, देशभर में प्रदर्शन का आह्वान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के सांसदों का प्रदर्शन बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। जंतर-मंतर की ओर बढ़ रहे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत अन्य विपक्षी सांसदों को दिल्ली पुलिस ने करीब 200 मीटर पहले ही रोक दिया। इसके बाद राहुल और प्रियंका सड़क पर बैठ गए और प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस के साथ धक्का-मुक्की के बीच प्रियंका गांधी संविधान की प्रति लेकर सड़क पर लेट गईं। इसके बाद राहुल, प्रियंका और खड़गे समेत कई विपक्षी सांसदों और नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। हालांकि करीब दो घंटे बाद छोड़ दिया, जबकि हिरासत में लिए गए अन्य नेताओं को छत्रसाल स्टेडियम ले जाया गया, जहां देर शाम भारी पुलिस बल तैनात किया गया। बता दें कि विपक्षी सांसद खड़गे की ओर से आयोजित लंच के बाद बसों से जंतर-मंतर के लिए रवाना हुए थे। हिरासत में लिए जाने से पहले प्रियंका ने कहा कि देश संविधान से चलता है और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा। (पेज 7 भी देखें)





प्रियंका सड़क पर लेटी, बोलीं-पुलिस ने लाठीचार्ज किया, बदसलूकी की

कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सुरक्षाबलों के साथ जमकर धक्का-मुक्की

लंच के बहाने इकट्ठा हुए और प्रदर्शन करने सड़क पर उतरे

राहुल को दूसरी बस में बैठाया

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और सुरक्षाबलों के बीच भी तीखी झड़प हुई। पुलिस ने राहुल, प्रियंका समेत विपक्षी सांसदों को हिरासत में लेकर अलग अलग बसों में बैठाया। राहुल को बाद में बाराखंभा पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां करीब एक घंटे बाद उन्हें छोड़ दिया गया। हिरासत में लिए जाने के दौरान राहुल बस के अंदर से विक्ट्री साइन दिखाते नजर आए। इसके बाद दोबारा हिरासत में लिया गया। राहुल ने कहा कि इंडिया ब्लॉक का आंदोलन सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक जारी रहेगा।

धारा 163 लागू

कांग्रेस के अनुसार, राहुल गांधी को ले जा रही बस को पार्टी कार्यकर्ताओं ने पंचर कर दिया। दिल्ली पुलिस ने कहा कि जंतर-मंतर पर बीएनएसएस की धारा 163 लागू है और बिना अनुमति प्रदर्शन या मार्च की इजाजत नहीं है। पुलिस ने सांसदों के साथ प्रोटोकॉल के तहत सम्मानजनक व्यवहार करने की बात कही।

राहुल-प्रियंका के खिलाफ एफआईआर दर्ज

एक दिन पहले भी इंडिया ब्लॉक के 200 से अधिक सांसदों ने संसद से चुनाव आयोग कार्यालय तक मार्च निकालने की कोशिश की थी। पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोक दिया था। इसके बाद राहुल और प्रियंका गांधी समेत विपक्षी नेताओं ने आकाशवाणी परिसर में करीब आठ घंटे धरना दिया था। इस मामले में दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, राजद सांसद मनोज कुमार झा ने आरोप लगाया कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर बेरहमी से लाठीचार्ज किया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि पूरा विपक्ष वोट देने के अधिकार की रक्षा के लिए एकजुट है।

प्रदेश के 6 पहलवानों समेत 9 के अमेरिकी वीजा रद्द

20 से कम उम्र और बेरोजगारी को बताया वजह, अंडर 23 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में खेलना मुश्किल

रोहतक (हरिभूमि न्यूज)। भारत के 9 पहलवानों को अमेरिका का वीजा नहीं मिल पाया है। इससे लास वेगास में होने वाली अंडर-23 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में उनका खेलना मुश्किल हो गया है। टूर्नामेंट 12 से 18 अक्टूबर तक होना है। वीजा नहीं मिलने वालों में 2024 अंडर-17 की वर्ल्ड चैंपियन नेहा सांगवान भी शामिल हैं। पहलवानों को बुधवार को नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में वीजा इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। वहां उन्हें मौखिक रूप से बताया गया कि उनके आवेदन 20 साल से कम उम्र और रोजगार नहीं होने के कारण खारिज किए गए हैं। इंटरव्यू के बाद उनके पासपोर्ट भी वापस कर दिए गए।

ये खिलाड़ी शामिल : वीजा नहीं मिलने वाले पहलवानों में समर्थ हरियाणा के धीरज मलिक, सचिन कुमार, निखिल, हरदीप, परवीन और नेहा सांगवान शामिल हैं, जबकि अन्य में गजानन म्हाकावे, अहिल्या शत्रुघ्न शिंदे, नेहा शर्मा और शामिल हैं।

आरबीआई ने 4 साल बाद रेपो रेट 0.25% बढ़ाकर 5.50% किया

अब कर्ज लेना और चुकाना भी महंगा



कुछ राहत भी

जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6.7% से बढ़ाकर 7.1% किया

फ्लोटिंग रेट वाले ग्राहकों की ईएमआई बढ़ सकती है या अवधि लंबी होगी

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को उम्मीद के मुताबिक प्रमुख नीतिगत ब्याज दर रेपो को 0.25% बढ़ाकर 5.50% कर दिया। करीब चार साल में यह रेपो दर में पहली वृद्धि है। इसके साथ आरबीआई ने मौद्रिक नीतिगत रुख को 'तटस्थ' से बदलकर 'सूझ-बूझ के साथ सख्ती' करने का अप्रत्याशित फैसला किया। केंद्रीय बैंक ने रुख में बदलाव के साथ संकेत दिया कि निकट अवधि में प्रमुख ब्याज दर में कटौती की संभावना नहीं है। इसके उलट बढ़ती महंगाई, रुपये की विनिमय दर में गिरावट तथा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच आगे भी नीतिगत दर बढ़ाई जा सकती है। इस फैसले से बैंकों से नया कर्ज लेना महंगा होने और फ्लोटिंग रेट वाले मौजूदा होम, कार व पर्सनल लोन की ईएमआई बढ़ने की आशंका है। फेस्टिव सीजन में जब लोग खरीदारी की तैयारी कर रहे हैं, उस समय कर्ज महंगा होने से उपभोक्ता खर्च पर भी असर पड़ सकता है। यानि अब कर्ज लेना और चुकाना दोनों महंगे हो सकते हैं। (पेज 4 भी देखें)

महंगाई का अनुमान भी बढ़ाया

बैंक ने 2026-27 के लिए महंगाई का अनुमान 5.0% से बढ़ाकर 5.2% कर दिया है। हालांकि अर्थव्यवस्था के लिए राहत की खबर यह है कि इसी अवधि में जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6.7% से बढ़ाकर 7.1% किया गया है।

'सूझ-बूझ के साथ सख्ती'

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिन चली बैठक के बाद गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को बताया कि बैंक अपना नीतिगत रुख भी बदलकर 'तटस्थ' से बदलकर 'सूझ-बूझ के साथ सख्ती' कर दिया है।

आगे भी रेपो में 0.50% की बढ़ोतरी संभव



त्योहारों में चीनी की जमाखोरी पर सरकार ने दिखाई सख्ती

व्यापारियों के लिए स्टॉक सीमा 4000 से घटाकर 1000 क्विंटल

नई दिल्ली। त्योहारी सीजन में चीनी की खुदरा कीमतों को नियंत्रित रखने और बाजार में पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने व्यापारियों पर स्टॉक सीमा और घटा दी है। अब चीनी व्यापारी अधिकतम 1,000 क्विंटल चीनी ही स्टॉक कर सकेंगे। पहले यह 4000 क्विंटल थी। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। नया नियम 15 अक्टूबर से 30 नवंबर तक प्रभावी रहेगा। सरकार ने तीसरी बार यह सीमा घटाई है।

15 अक्टूबर से 30 नवंबर तक लागू रहेगा नया नियम

मामले को बड़ी बेंच के पास भेजने के मुद्दे पर थी अलग-अलग राय

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति वाले फैसले की जांच करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े अपने फैसले की फिर से जांच करेगा। 23 सितंबर को जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने इस मामले को बड़ी बेंच के पास भेजने के मुद्दे पर अलग-अलग राय दी थी। जस्टिस दत्ता ने कहा था कि मामले को बड़ी बेंच के पास भेजने की जरूरत नहीं है। वहीं, जस्टिस शर्मा ने मामले को बड़ी बेंच के पास भेजने का समर्थन किया था।



आरएस पुरा सेक्टर में तैनात थीं, फायरिंग की वजह साफ नहीं

बीएसएफ महिला कांस्टेबल की जम्मू में गोली लगने से मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के आरएस पुरा सेक्टर में बीएसएफ की महिला कांस्टेबल राजलक्ष्मी की गोली लगने से मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, 27 साल की राजलक्ष्मी आरएस पुरा में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सुशील नाम की बॉर्डर पोस्ट पर तैनात थीं। गोली चलने की आवाज सुनकर उनके साथी मौके पर पहुंचे, जहां वे गंभीर रूप से घायल हालत में मिलीं। उन्हें मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जम्मू ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

राज लक्ष्मी सातवीं बटालियन की जवान थीं

हेनरी बी कागन और केन्सो सोआई को मिला केमिस्ट्री का नोबेल

फ्रांसीसी वैज्ञानिक हेनरी को 95 साल की उम्र में मिला सम्मान

अणुओं के मिरर इमेज की 100 साल पुरानी गुत्थी सुलझाई, दवाएं बनाने में मदद मिली

स्टॉकहोम (एजेंसी)। वर्ष 2026 का केमिस्ट्री का नोबेल पुरस्कार फ्रांस के वैज्ञानिक हेनरी बी. कागन और जापान के केन्सो सोआई को दिया गया है। दोनों वैज्ञानिकों ने रसायन विज्ञान की करीब 100 साल पुरानी गुत्थी सुलझाई है। हेनरी बी. कागन और केन्सो सोआई ने यह समझाने में बड़ी मदद की कि मिरर इमेज जैसे दिखने वाले दो अणुओं में से सिर्फ एक को कैसे बनाया जा सकता है। यह खोज खास तौर पर दवाएं बनाने में काम आ रही है। नोबेल पुरस्कार के विजेताओं को दिसंबर में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सम्मानित किया जाएगा। उन्हें मेडल, डिप्लोमा और पुरस्कार राशि दी जाएगी। 2026 में नोबेल पुरस्कार की राशि करीब 11.5 करोड़ रुपये है।

कागन ने यह बताया



अमीनो एसिड के दो रूप हो सकते हैं, जो एक-दूसरे की मिरर इमेज होते हैं। लेकिन शरीर प्रोटीन बनाने के लिए इनमें से सिर्फ एक का इस्तेमाल करता है। उन्होंने ऐसा तरीका खोजा, जिससे रासायनिक प्रतिक्रिया में दोनों रूप बराबर नहीं बनते थे। एक रूप दूसरे से ज्यादा बनने लगता था। यानी वैज्ञानिक ऐसी रासायनिक प्रक्रिया तैयार कर सकते हैं, जिसमें जिस अणु की जरूरत है, वही ज्यादा बने और दूसरा कम।

सोआई ने ऐसा अणु बनाया



केन्सो सोआई ने कागन के काम को आगे बढ़ाया। उन्होंने 5-पाइरिमिडिल एल्केनॉल नाम के रासायनिक पदार्थ पर प्रयोग किया। इसे ऐसे समझिए- शुरुआत में अगर किसी एक तरह के अणु थोड़े ज्यादा बन गए, तो वही अणु आगे और अपने जैसे अणु बनाने में मदद करने लगे। फिर नए बने अणु भी यही काम करने लगे। इस तरह एक तरह के अणुओं की संख्या लगातार बढ़ती गई।

मिरर इमेज जैसे क्यों होते हैं अणु

इसे ऐसे समझ सकते हैं। हमारे दोनों हाथ लगभग एक जैसे दिखते हैं, लेकिन बायां हाथ दाएं हाथ की जगह नहीं ले सकता। कुछ अणु भी ऐसे ही होते हैं। इनके दो रूप होते हैं, जो एक-दूसरे की मिरर इमेज होते हैं। दिक्कत यह है कि वैज्ञानिक जब ऐसे अणु बनाते हैं, तो कई बार दोनों रूप साथ बन जाते हैं। जबकि दवा बनाने में दोनों की जरूरत नहीं होती।

खबर संक्षेप

एसआईआर : 28,000 मामलों की हुई सुनवाई

चंडीगढ़। हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची से संबंधित नोटिस एवं सुनवाई मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेशभर में बुधवार को विशेष शिविर आयोजित कर लगभग 28,000 लंबित मामलों की सुनवाई की गई। प्रदेश में एसआईआर के तहत कुल 44,91,923 नोटिस जनरेट किए गए हैं, जिनमें से 3,15,173 मामलों की सुनवाई लंबित है। कुल लंबित मामलों का प्रतिशत 7.02 प्रतिशत है। आयोग द्वारा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा की जा रही है तथा संबंधित अधिकारियों को लंबित सुनवाई मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने, प्रभावी मॉनिटरिंग करने और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

खिलाड़ियों को सुविधाएं देने में सरकार नाकाम

चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.अजय सिंह चौटाला ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा है कि एशियन गेम्स में हरियाणा के खिलाड़ियों ने देश का नाम रोशन किया है, लेकिन भाजपा सरकार खिलाड़ियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने पार्टी कार्यालयों को फाइव स्टार होटलों की तरह बना रही,जबकि खिलाड़ियों को सुविधाओं के नाम पर केवल टूटे-फूटे ट्रैक पर खेल की तैयारियों के लिये छोड़ दिया है। प्रदेश में न मैदान है और न खिलाड़ियों को अच्छी सुविधाएं मिल रही।

धान की धीमी खरीद से किसान परेशान

चंडीगढ़। इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने हरियाणा की मंडियों में धान की धीमी खरीद, उठान में देरी और किसानों को हो रही परेशानी को लेकर भाजपा सरकार पर कड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को दो दर्जन फसलों पर एमएसपी देने का दावा करती है, लेकिन जमीन पर किसान अपनी धान की फसल बेचने के लिए मंडियों में इंतजार करने को मजबूर है। चौटाला ने कहा कि सरकार का किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदने का दावा पूरी तरह से खोखला साबित हुआ है।

फसल खरीद का सरकारी सिस्टम पूरी तरह नाकाम

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने राज्य की मंडियों में धान खरीद की बदहाली को लेकर प्रदेश की सैनी सरकार पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्रशासनिक नाकामी और मनमानी शर्तों के कारण आज हरियाणा का किसान अपनी ही फसल बेचने के लिए दर-दर भटकने और जान देने तक को मजबूर हो चुका है। अन्नदाता 15-15 दिनों से मंडियों में रातें बिताने को मजबूर हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। गुप्ता ने सैनी सरकार की खरीद विफलता पर कटाक्ष करते हुए कहा कि किसान सरकार को कोस रहे है।

केंद्रीय गृहमंत्री ने गुरुग्राम में विकसित भारत संकल्प ज्योति यात्रा का शुभारंभ किया

मोदी के 25 साल गरीबों के कल्याण की यात्रा : शाह

करोड़ों परिवारों को पक्के घर, पांच लाख तक का स्वास्थ्य कवरेज उपलब्ध करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को नरेन्द्र मोदी के निर्वाचित प्रतिनिधि के तौर पर 25 वर्ष पूरे करने की सराहना करते हुए इसे देश और गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित यात्रा बताया। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को साइबर नगरी गुरुग्राम में विकसित भारत संकल्प ज्योति यात्रा का शुभारंभ किया। केंद्रीय गृहमंत्री कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सात अक्टूबर का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में स्वर्णिम और युगांतरकारी है। कार्यक्रम में शाह के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह और पार्टी की नवनियुक्त हरियाणा प्रभारी स्मृति ईरानी भी मौजूद थीं। शाह ने कहा कि मोदी के गुजरात और फिर केंद्र सरकार के प्रमुख के रूप में पच्चीस वर्ष देश के करोड़ों नागरिकों के कल्याण और भारत के गौरव के भी 25 वर्ष हैं। उन्होंने मोदी के दीर्घायु होने की कामना की। गृह मंत्री ने कहा कि हमने इस यात्रा को यादगार बनाने के लिए देश के हर जिले में सेवा ज्योति यात्रा आयोजित की है।

■ सात अक्टूबर का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में स्वर्णिम और युगांतरकारी

शाह ने, गरीब परिवार में जन्म लेने के बावजूद संघर्षों से जूझते हुए आगे बढ़ने के लिए भी मोदी की सराहना की। उन्होंने केंद्र में मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि इन 25 वर्षों में गरीबी से मुक्ति, सुरक्षित भारत, अनुच्छेद 370 को निरस्त करना, नक्सलवाद का खात्मा, राम जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ मंदिरों का निर्माण और देश के बुनियादी ढांचे को अगले स्तर तक ले जाना शामिल रहा है। उन्होंने कहा की जब भी भारत का इतिहास लिखा जाएगा, इन 25 वर्षों को स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किया जाएगा। मोदी सात अक्टूबर 2001 से निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। उन्होंने पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और बाद में भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को जमकर सराहा।



25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला : शाह

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि लोगों के जीवन में भी महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं, 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया, जबकि करोड़ों परिवारों को पक्के मकान, पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य कवरेज, उज्ज्वला गैस कनेक्शन और हर घर में नल का पानी उपलब्ध हुआ। शाह ने दावा किया कि मोदी के नेतृत्व में भारत विनिर्माण, डिजिटल भुगतान, स्टार्टअप, सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि युद्ध और अस्थिरता के इस दौर में भारत शांति और सद्भाव की एक महत्वपूर्ण वैश्विक आवाज बनकर उभरा है। शाह ने कहा कि करोड़ों नागरिकों में आत्मविश्वास पैदा करते हुए मोदी ने विकसित भारत का मंत्र दिया और 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। शाह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में इन सेवा पहलों में भाग लेना सभी के लिए सम्मान और गर्व की बात है। शाह ने बुधवार को गुरुग्राम में पार्टी के 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत विकसित भारत संकल्प ज्योति यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने यात्रा की मशाल सैनी को सौंपकर इसकी शुरुआत की।

मुख्यमंत्री ने युवाओं को सौंपी मशाल



इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गुरुग्राम के प्रमुख मार्गों से पैदल यात्रा करते हुए सिग्नेचर टावर के पास यात्रा की मशाल स्थापित की। इस दौरान उन्होंने मशाल युवाओं को सौंपते हुए विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। यात्रा का शुभारंभ विकसित भारत सभा से हुआ, जिसमें हजारों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का संदेश देते हुए कहा कि देश और प्रदेश का विकास तभी सार्थक होगा, जब प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर सुविधाएं पहुंचें और लोगों का जीवन सुखी, समृद्ध एवं समस्यामुक्त बने। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली, गुरुग्राम की मेयर राजरानी मल्होत्रा, मानेसर की मेयर डॉ इंद्रजीत यादव सहित अधिकारी मौजूद रहे।

निवेशकों की पहली पसंद बन रहा हरियाणा

■ मुख्यमंत्री ने सिंगापुर दौरे के दौरान हरियाणा और पंजाब मूल के उद्यमियों के साथ की बैठक



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ सिंगापुर दौरे के दौरान पंजाब और हरियाणा मूल के प्रमुख उद्योगपतियों एवं व्यावसायिक प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि विदेशों में अपनी मेहनत, प्रतिभा और उद्यमशीलता के बल पर भारतीय समुदाय देश का गौरव बढ़ा रहा है। सिंगापुर जैसे आधुनिक और विश्व के प्रमुख व्यापारिक केंद्र में भारत का परचम लहराने वाले प्रवासी भारतीयों के पुरुषार्थ पर पूरे देश को गर्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी भारतीयों का वैश्विक स्तर पर प्राप्त अनुभव और विशेषज्ञता भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने उद्यमियों को निवेश का न्योता दिया।

फसल खरीद में किसानों को किसी स्तर पर परेशानी न हो, उठान हो सुनिश्चित : नायब

■ सिंगापुर से लौटते ही मुख्यमंत्री ने ली अधिकारियों की बैठक

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की मंडियों में खरीदी जा रही धान और बाजरे का तत्काल प्रभाव से उठान सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मंडियों में खरीद से लेकर उठान तथा भुगतान तक की पूरी व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो। मुख्यमंत्री बुधवार को चंडीगढ़ में खरीफ फसलों की खरीद प्रक्रिया की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

अब तक पांच लाख क्विंटल धान की खरीद

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश में जारी खरीफ फसलों की खरीद प्रक्रिया के तहत अब तक 5 लाख क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में आवक बढ़ने के साथ-साथ उठान की व्यवस्था भी उसी गति से सुनिश्चित की जाए, ताकि मंडियों में अनावश्यक रूप से स्टॉक जमा न हो और किसानों को अपनी फसल लाने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि किसानों को बाजरे के लिए 2,900 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिले।

ओबीसी श्रेणी की वैज्ञानिक तरीके से हो जनगणना : कांग्रेस

■ कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा



चंडीगढ़। हरियाणा कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को लोकभवन पहुंचकर हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें पार्टी ने ओबीसी श्रेणी का वैज्ञानिक रूप से जाति वर्गीकरण के जरिए से एक वास्तविक, वैज्ञानिक और नीति-उपयोगी जाति जनगणना के लिए उचित हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। इस प्रतिनिधिमंडल में हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी संजय दत्त, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, पूर्व सीएम एवं नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष चंद्र प्रकाश जांगड़ा सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

लोकतंत्र बचाओ सप्ताह को लेकर की बैठक

चंडीगढ़। हरियाणा कांग्रेस के चंडीगढ़ स्थित मुख्यालय में इंडिया गठबंधन के घटक दलों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक हरियाणा कांग्रेस मामलों प्रभारी संजय दत्त के मार्गदर्शन में और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेताओं ने देश में लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा से जुड़े गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

एमपीएचडब्ल्यू एसो. का धरना स्थगित

चंडीगढ़। एमपीएचडब्ल्यू एसोसिएशन ने ऑनलाइन तबादला नीति में कैप किए गए पदों के विरोध में आरंभ किए क्रमिक अनशन को महानिदेशक कार्यालय से मिले आधिकारिक आश्वासन के बाद दोपहर बाद स्थगित कर दिया गया। एसोसिएशन ने दिए पूर्व निर्धारित नोटिस अनुसार सुबह दस बजे पदाधिकारियों को माला पहना कर क्रमिक अनशन की शुरूआत की। एसोसिएशन की अधिकारियों के निमंत्रण पर हर मसले पर विस्तृत चर्चा हुई।अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया है कि डीजी स्तर के मसले यहां रिजॉल्व किए जायेगे ओर बाकी के मसलों के लिए सरकार के स्तर पर एसोसिएशन का पक्ष रखा जाएगा।

विपुल गोयल आज पंचकमल में करेंगे जनसुनवाई

पंचकूला। हरियाणा सरकार में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल गुरुवार, को पंचकूला स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय 'पंचकमल' में जनसुनवाई करेंगे। गोयल सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आमजन की समस्याएं एवं शिकायत सुनेंगे। इस दौरान नागरिक एवं पार्टी कार्यकर्ता अपनी समस्याओं एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को कैबिनेट मंत्री के समक्ष रख सकेंगे।

महाबीर निकला असली आरोपी, हेमराज को बनाया कातिल, मौत की सजा से हाईकोर्ट ने किया बरी

चंडीगढ़। हिसार में करीब ढाई साल के बच्चे की हत्या के मामले में मौत की सजा पाए हेम राज को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने बरी कर दिया है। अदालत ने पाया कि अभियोजन पक्ष हेम राज को हत्या से जोड़ने वाले ऐसे कानूनी रूप से स्वीकार्य और ठोस साक्ष्य पेश नहीं कर सका, जिससे उसका अपराध उचित संदेह से परे साबित हो। अदालत ने जांच में गंभीर कमियां बताते हुए कहा कि मामले में आरोपी की पहचान को लेकर उठे अहम सवालों का जांच एजेंसी ने समाधान नहीं किया। जस्टिस अनूप चितकारा और जस्टिस हरमीत सिंह देओल की खंडपीठ ने मामले में सबसे पुराने दस्तावेजी साक्ष्य चाइल्डलाइन 1098 के रिकॉर्ड को महत्वपूर्ण माना। बच्चे का शव मिलने से तीन दिन पहले दर्ज इस रिकॉर्ड में बच्चे को पीटने वाले व्यक्ति का नाम 'महाबीर' बताया गया था, जबकि बाद में आरोपी के रूप में हेम राज को गिरफ्तार किया गया। अदालत ने कहा कि यह अंतर महज सामान्य विसंगति नहीं बल्कि आरोपी की पहचान के मूल सवाल से जुड़ा है।अदालत ने जांच अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें यह पता लगाना चाहिए था कि महाबीर कौन था, कहां रहता था और चाइल्डलाइन से किस व्यक्ति ने बातचीत कर खुद को आरोपी का भाई बताया था।अदालत के अनुसार, इस दिशा में कोई सार्थक जांच नहीं की गई। यहां तक कि यह भी पता नहीं लगाया गया कि महाबीर कहीं हेम राज का उपनाम तो नहीं था अथवा दोनों अलग-अलग व्यक्ति थे।

खेत में बच्चे का सिर कटा शव मिला था

मामले में 16 जून 2018 को हिसार के गैबीपुर गांव में एक बंजर खेत से करीब ढाई साल के बच्चे का सिर कटा शव बरामद हुआ था। शव के पास खोपड़ी, हड्डियों के टुकड़े और खून से सने कपड़े भी मिले थे। बरवाला थाने में हत्या और साक्ष्य मिटाने की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। बच्चे की मां ने 19 जून 2018 को न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान देकर आरोप लगाया था कि हेम राज ने 13 जून की रात बच्चे को सड़क पर पटककर और कुदाल से पीटकर उसकी हत्या कर दी थी।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुश्री सीमा, मेसर्स जय माँ प्लास्टिक्स ने अपने एकमात्र स्वामी, पताः प्लॉट नं. 1543, एचएसआईआईडीसी राई, जिला सोनीपत, हरियाणा–131029** ने **CC NI Act 6165/19, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुश्री सीमा** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुश्री सीमा** फरार हो गई है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC NI Act 6165/19, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के अभियुक्त **सुश्री सीमा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – श्री गौरव सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–04, पश्चिम
DP/14185/WD/2026 कमरा नं. 04, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलने, अंबाला छावनी द्वारा अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–नीलामी के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

नीलामी केटलॉग सं.: UMB-MIX-41-2026 रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंस फीस आकार – 10'X6' वर्ग फीट

क्र म.	लॉट नं.	विवरण	नीलामी शुरू होने की तारीख और समय	नीलामी बंद होने की तारीख और समय
1	Catg-UMB-DKT-GMU-213-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) खानपान स्टॉल नंबर–1, प्लेटफार्म संख्या–1 पर सामान्य श्रेणी के लिए, धूलकोट (DKT) रेलवे स्टेशन।	14.10.2026 को 12.00 बजे	14.10.2026 को 12.30 बजे
2	Catg-UMB-KRLI-GMU-211-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) खानपान स्टॉल नंबर–1, प्लेटफार्म संख्या–1 पर सामान्य श्रेणी के लिए, कुराली (KRLI) रेलवे स्टेशन।	14.10.2026 को 12.00 बजे	14.10.2026 को 12.40 बजे
3	Catg-UMB-KART-GMU-214-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) खानपान स्टॉल नंबर–1, प्लेटफार्म संख्या–1 पर सामान्य श्रेणी के लिए, कीरतपुर साहिब (KART) रेलवे स्टेशन।	14.10.2026 को 12.00 बजे	14.10.2026 को 13.00 बजे
4	Catg-UMB-BCU-GMU-215-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) खानपान स्टॉल नंबर–1, प्लेटफार्म संख्या–1 पर सामान्य श्रेणी के लिए भुच्चू (BCU) रेलवे स्टेशन।	14.10.2026 को 12.00 बजे	14.10.2026 को 13.10 बजे
5	Catg-UMB-SOL-GMU-212-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर–2, सर्कुलेटिंग एरिया में, सामान्य श्रेणी के लिए सोलन (SOL) रेलवे स्टेशन पर।	14.10.2026 को 12.00 बजे	14.10.2026 को 13.20 बजे
6	Catg-UMB-DUI-GMU-193-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) खानपान स्टॉल नंबर–4, प्लेटफार्म संख्या–2/3 पर सामान्य श्रेणी के लिए घुरी (DUI) रेलवे स्टेशन।	14.10.2026 को 12.00 बजे	14.10.2026 को 13.30 बजे
7	Catg-UMB-MET-SMU-174-26-1	रिफ्रेशमेंट रूम – स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) (Size 47.44 sqm, i.e 8x5.93 sqm) अन्य पिछड़ा वर्ग महिला श्रेणी के लिए गलेरकोटला (MET) रेलवे स्टेशन।	14.10.2026 को 12.00 बजे	14.10.2026 को 13.40 बजे
8	Catg-UMB-UBC-SMU-189-26-1	खानपान–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) स्टॉल नंबर–4, प्लेटफॉर्म संख्या–2, अल्पसंख्यक महिला श्रेणी के लिए अम्बाला सिटी (UBC) रेलवे स्टेशन पर।	14.10.2026 को at 12.00 hrs	14.10.2026 को at 13.50 hrs
9	Catg-UMB-PTA-SMU-190-26-1	खानपान–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) स्टॉल नंबर–12, प्लेटफॉर्म संख्या–1, अनुसूचित जाति (एससी) श्रेणी के लिए पटियाला (PAT) रेलवे स्टेशन पर।	14.10.2026 को 12.00 बजे	14.10.2026 को 14.00 बजे
10	Catg-UMB-BTI-/SMU-175-25-1	खानपान–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) (आकार 2.51 x 3.42 वर्ग मीटर) अनुसूचित जाति (एससी) श्रेणी के लिए बठिंडा (BTI) रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में।	14.10.2026 को 12.00 बजे	14.10.2026 को 14.10 बजे

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखे।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3486/26

उत्तर रेलवे

खुली निविदा संख्या–03–एसएंडटी–परियोजना–अंबाला–2026–27 दिनांक 07.10.2026

उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना/अंबाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के नाम पर, इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं कार्य के सामने दर्शाई गई निविदा बंद होने की तिथि को 11:30 बजे तक स्वीकार की जाएंगी तथा इसके पश्चात खोली जाएंगी।

क्रम संख्या	कार्य का नाम	अनुमानित राशि	धरोहर राशि	कार्य समाप्ति समय	निविदा खुलने की तिथि	टेन्डर वेलिडिटी
1.	फिरोजपुर मंडल में TVU>20000 और <50000 वाले 28 गैर–अंतरित LC Gates के इंटरलॉकिंग का S&T कार्य। LC Gates की सूचीः– ASR-KEMK सेक्शन – 1 LC Gate (C-13), ASR-PTK सेक्शन – 3 LC Gates (C-15, C-16, C-21), LDH-FZR सेक्शन–14 LC Gates (A-21, B1-30, A-41, B1-45, B2-49, B2-51, A-66, C-67, C-70, C-72, C-73, C-78, C-81, C-84), JUC-FZR सेक्शन – 2 LC Gates (C-4, C-5) BTI-FZR सेक्शन – 4 LC Gates (C-45, C-51, C-56, C-57), KKP-FKA सेक्शन – 4 LC Gates (C-3, C-28, C-33, C-58)	108713854.82/-	2174300.00/-	12 माह	टेंडर www.ireps.gov.in वेबसाइट पर दिनांक 08.10.26 से 30.10.26 को 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेगा तथा दिनांक 30.10.26 को 11:30 बजे के बाद खोला जाएगा।	90 दिन

नोटः– 1. इच्छुक ठेकेदारों को शर्तों के अनुसार योग्यता डॉक्यूमेंट, PAN /TIN /GST इत्यादि की स्कैनिंग कॉपी ही IREPS वेबसाइट में अपलोड करनी होगी। 2. धरोहर राशि की ऑन लाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा स्वीकार्य होंगे। 3. इच्छुक ठेकेदार कोई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास –3) डिजिटल सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। 4. विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 3474/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ.एस., उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई नीलामी लीजिंग के माध्यम से अंबाला मंडल के अंतर्गत विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक के एस. एल.आर./एस.एल.आर.डी. डिब्बों में पार्सल स्पेस (4/3.9 टन) के लीज अनुबंध हेतु निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती हैं:

क्र०	नीलामी केटलाग सं०	नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय	नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय
1.	UMB-SLR-12-2026 (14 लॉट)	15.10.2026 /12:00	15.10.2026 /15:00
क्र०	ट्रेन सं०	से – तक	कम्पार्टमेंट
1	20990	CDG-UDZ	FSLR-I
2	15012	CDG-LJN	FSLR-1
3	19308	UHL-INDB	FSLR-I
4	14503	KLK-SVDK	FSLR-1
5	14332	KLK-DLI	FSLR-1
6	14522	UMB-DLI	FSLR-I
7	22456	KLK-SNSI	FSLR-2
8	14722	ABS-JU	FSLR-1
9	12326	AADR-KOAA	RSLR-1
10	12232	CDG-LKO	FSLR-1
11	14218	CDG-PYGS	RSLR-I
12	14524	UMB-BJU	FSLR-2
13	22710	AADR-NED	FSLR-I
14	14733	BTI-JP	FSLR-1

क्र०	नीलामी केटलाग सं०	नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय	नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय
1.	UMB-SLR-12A-26 (02 लॉट)	21.10.2026 /12:00	21.10.2026 /12:40
क्र०	ट्रेन सं०	से – तक	कम्पार्टमेंट
1	19412	DLPC-GNC	FSLR-1
2	20494	CDG-MDU	FSLR-I

ई–नीलामी में भाग लेने या ई–नीलामी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को www.ireps.gov.in वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है। No. NR-UMB0COML(PLTN)/1/2023 (203798) Date: 06.10.2026 3472/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

खबर संक्षेप



एएसआई को थप्पड़ मारने वाले आरोपी की पुलिस ने कराई परेड

पानीपत। संजय चौक पर ट्रैफिक पुलिस के एएसआई पवन कुमार से मारपीट और थप्पड़ मारने के आरोपी असलम की पुलिस ने बुधवार को मौके पर परेड कराई। एसएचओ कटार सिंह ने बताया कि आरोपी को शहर थाने से संजय चौक ले जाकर निशानदेही कराई गई। 6 अक्टूबर को बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार विद्यानंद कॉलोनी निवासी असलम को एएसआई ने रोका था। आरोप है कि शराब के नशे में उसने एएसआई से दुर्व्यवहार कर थप्पड़ मारा और वर्दी फाड़ दी। आरोपी ने परेड के दौरान अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा कि ऑन ड्यूटी अफसर पर हाथ नहीं उठाना चाहिए और नशे से दूर रहना चाहिए। पुलिस के अनुसार, असलम पर पहले पांच मुकदमे दर्ज थे। इस मामले के बाद कुल छह केस हो गए हैं।

डिवाडर से टकराया ट्रक चालक की मौत

रेवाड़ी। जोनावास के पास बुधवार सुबह जयपुर से दिल्ली की ओर जा रहा ट्रक नाले के पास बने डिवाडर से टकरा गया। हादसे के बाद चालक ट्रक में मृत पाया गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि हार्ट अटैक आने के बाद चलते ट्रक में ही चालक की मौत हो गई, जिसके बाद ट्रक डिवाडर से टकरा गया।

राजस्थान के कोटपुतली जिले के दादू गांव निवासी 65 वर्षीय हजारीलाल जयपुर से ट्रक लेकर दिल्ली के लिए निकला था। सुबह के समय जोनावास के पास ट्रक हाइवे के किनारे बने नाले के डिवाइडर से टकरा गया। पुलिस जांच में चालक के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं पाए गए, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि हार्ट अटैक आने के बाद ही हादसा हुआ है।

नाबालिग से दुष्कर्म पर 20 साल का कारावास

जींद। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिफा की स्पेशल अदालत ने नाबालिग लड़की का अपहरण व दुष्कर्म करने के जुर्म में दोषी को बीस साल का कारावास तथा 1.15 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। शहर थाना इलाके की एक महिला ने दस जुलाई 2025 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसका कोई सुराग नहीं लगा। महिला ने आरोप लगाया था कि अर्बन एस्टेट निवासी दीपक ने उसकी बेटी का अपहरण किया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर दीपक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए लड़की को बरामद कर आरोपित दीपक को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अपहरण के अलावा दुष्कर्म करने, बंधक बनाने, धमकी देने समेत विभिन्न धाराएं जोड़ दी थी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिफा की अदालत ने दोषी दीपक को बीस साल की सजा सुनाई।

सोनीपत पुलिस ने हरियाणा में फैले साइबर ठग गिरोह का किया पर्दाफाश

लोगों की बीमा पॉलिसी पर ऋण लेकर हड़पने वाले गिरोह के 5 सदस्य काबू

- खुद को बीमा कंपनी कर्मचारी बताकर पॉलिसी की जानकारी की थी हासिल
- पीड़ित की दो जीवन बीमा पॉलिसियों पर 5 .99 लाख रुपये का ऋण लेकर हड़पा
- पुलिस ने 2 .30 लाख होल्ड करवाए, पानीपत, सोनीपत व दादरी के हैं आरोपी



सोनीपत। ठगी के गिरफ्तार आरोपितों के साथ पुलिस कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

बीमा पॉलिसी की जानकारी अपडेट करने के नाम पर फर्जीवाड़ा कर 5.99 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत करवाकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का सोनीपत पुलिस ने पर्दाफाश किया है। साइबर थाना पुलिस ने मामले में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से ठगी में इस्तेमाल सात मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने ठगी की रकम में से 2.30 लाख रुपये भी होल्ड करवाए हैं। सभी आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

प्रभु नगर निवासी विशाल ने साइबर थाना सोनीपत में शिकायत देकर बताया था कि 14 सितंबर को उसके वाट्सऐप नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया। उसने खुद को भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का कर्मचारी बताते हुए अपना नाम अभय बताया। आरोपी ने वाट्सएप पर कंपनी का फर्जी पहचान पत्र भेजकर शिकायतकर्ता का विश्वास हासिल किया। इसके बाद बीमा पॉलिसी की जानकारी अपडेट करने के नाम पर उससे संपर्क बनाए रखा। इसी दौरान शिकायतकर्ता को बीमा कंपनी के नाम से एक ई-मेल प्राप्त हुई। इसमें बताया गया कि उसकी दो जीवन बीमा पॉलिसियों पर अज्ञात लोगों ने ऋण लिया है। आरोपितों ने पॉलिसी में दर्ज व्यक्तिगत जानकारी में फर्जी तरीके से बदलाव किया और इसी आधार पर ऋण स्वीकृत करवा लिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपितों ने कुल 5,99,996 रुपये की रकम शिकायतकर्ता की पॉलिसियों के आधार पर स्वीकृत करवाकर अलग-अलग बैंक खातों में स्थानांतरित की। ठगी की रकम 1,99,998 रुपये, 1,99,999 रुपये और 1,99,999 रुपये के तीन अलग-अलग लेन-देन के माध्यम से भेजी गई। शिकायतकर्ता को ठगी का पता चलने के बाद उसने बीमा कंपनी से ई-मेल और ग्राहक सेवा के माध्यम से संपर्क किया। साथ ही साइबर हेल्पलाइन 1930 पर भी शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के आधार पर साइबर थाना सोनीपत में 19 सितंबर को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने बैंक खातों, लेन-देन, मोबाइल नंबर और अन्य तकनीकी एवं डिजिटल साक्ष्यों की जांच शुरू की। जांच के दौरान मामले में पांच आरोपितों की संलिप्तता सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सुवेब उर्फ समीर निवासी गांव भापरा, समालखा, हाल दत्ता कॉलोनी, पानीपत, देव उर्फ देवा निवासी पंचवटी कॉलोनी, समालखा, सचिन निवासी समालखा, अवि निवासी सुभाष चौक, चरखी दादरी और राहुल निवासी गांव मुरथल के रूप में हुई है।

सात मोबाइल बरामद, खातों की जांच जारी

पुलिस ने आरोपितों से वारदात में इस्तेमाल सात मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इसके अलावा ठगी की रकम में से 2.30 लाख रुपये होल्ड करवाए गए हैं। पुलिस अब आरोपितों के मोबाइल फोन, बैंक खातों, लेन-देन और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की गहन जांच कर रही है। जांच के दौरान ठगी की रकम के प्रवाह और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका का भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस टीम में निरीक्षक पवन कुमार, सहायक उप निरीक्षक सतीश कुमार, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार, मुख्य सिपाही सुमित कुमार, सिपाही विकास कुमार, सिपाही अमित और विशेष पुलिस अधिकारी सतीश कुमार शामिल रहे। सभी आरोपितों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



हिसार की ऑटो वर्कशॉप में कर्मचारी की जान गई

कार बैक करते 2 साथियों को कुचला, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। जांच पड़ताल करती पुलिस।

दिल्ली रोड पर गांव सातरोड़ के नजदीक एक ऑटो वर्कशॉप में बुधवार को सर्विस के लिए आई कार को बैक करते समय बड़ा हादसा हो गया। कार की चपेट में आने से वर्कशॉप के दो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों को हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां गांव अनीपुरा निवासी विवेक की मौत हो गई, जबकि गांव धांसू के राजपाल की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कार मालिक एडवोकेट डॉ. आशीष ढींगडा के अनुसार, वह बुधवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे अपनी कार की सर्विस करवाने यूनिक वर्कशॉप पहुंचे थे। उनके साथ उनकी तीन वर्षीय बेटी भी थी। उन्होंने बताया कि वर्कशॉप के वेटिंग रूम से उन्होंने एक कर्मचारी को उनकी कार तेजी से बैक करते देखा। उन्हें लगा कि शायद कर्मचारी कार के ब्रेक चेक कर रहा होगा। डॉ. ढींगडा के अनुसार, कुछ ही देर बाद जोरदार आवाज सुनाई दी। बाहर देखा तो कार किसी दीवार से टकराई हुई थी। उन्होंने वर्कशॉप के अंदर जाकर स्थिति देखने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें अंदर जाने से रोक दिया गया। बाद में पता चला कि कार की चपेट में आने से वर्कशॉप के दो कर्मचारी घायल हुए हैं। कार मालिक ने बताया कि उन्होंने वर्कशॉप प्रबंधन से घटना के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। प्रबंधन की ओर से कहा गया कि घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई होगी और पुलिस अपनी कार्रवाई करेगी। इसके बाद उन्होंने स्वयं पुलिस को फोन कर हादसे की सूचना दी। डॉ. ढींगडा ने बताया कि उनके पास कार सर्विस के दौरान जारी किया गया जॉब कार्ड भी है। उनके अनुसार, घायल दोनों कर्मचारी नीले रंग की वर्दी में थे। उन्होंने पुलिस थाने पहुंचकर अपने बयान भी दर्ज करवाए हैं।

पंचकूला में ओले पड़े, कई जिलों में छाए रहे बादल

- 12 अक्टूबर तक बारिश की संभावना, मौसम के बदलने से किसानों की चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रदेश में बुधवार दोपहर बाद मौसम ने फिर करवट बदली। पंचकूला में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। मंगलवार रात भी यहां ओले पड़े थे। वहीं, अंबाला व यमुनानगर में भी बादल छाए रहे। मौसम विभाग का अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर, करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, सोनीपत, गुरुग्राम और फरीदाबाद को लेकर बादलवाही व बारिश का यलो अलर्ट जारी रहा।

वहीं, 12 अक्टूबर तक बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञान केंद्र, चंडीगढ़ के मुताबिक, इस दौरान दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होंगे। इस बारिश की वजह से मंडियों में खुले में पड़े धान को लेकर किसानों और आढ़तियों की चिंता बढ़ गई है। किसानों ने कई जिलों में धान की जल्द खरीद और उठान को लेकर प्रदर्शन भी किया। किसानों की मांग है कि प्रदेश की मंडियों में धान रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। ऐसे में कई सौ क्विंटल धान बाहर खुले में पड़ा रहता है। वहीं, अनाज का उठान भी देरी से हो रहा है।

भतीजी की शादी के लिए एक माह की छुट्टी न मिलने पर एएसआई ने किया सुसाइड

- झज्जर निवासी पुलिस कर्मचारी ने चंडीगढ़ के अपने सरकारी क्वार्टर में लगाया फंदा
- दो भाइयों की मौत के बाद भतीजी की जिम्मेदारी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर/चंडीगढ़

चंडीगढ़ क्राइम ब्रांच में मालखाना मुंशी के रूप में कार्यरत झज्जर के जाखौदा निवासी एएसआई सतपाल सिंह (50) ने अपने सरकारी मकान में आत्महत्या कर ली। सतपाल सिंह मंगलवार दोपहर ड्यूटी खत्म करने के बाद घर लौटे थे। परिवार के अन्य सदस्य सोनीपत गए हुए थे। रात को कॉल न उठाने पर पत्नी ने पड़ोसियों को घर पर देखने के लिए भेजा तो सतपाल फंदे से लटके मिले। पड़ोसी ने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी। परिवार के अनुसार, कुछ समय पहले ही सतपाल के दो सगे भाइयों की मृत्यु हुई थी। अब सोनीपत में होने वाली भतीजी की शादी की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं पर थी। इसके लिए उन्होंने 30 दिन की छुट्टी मांगी थी, लेकिन उन्हें केवल पांच दिन की छुट्टी ही मिल सकी थी। इसके बाद उन्होंने दोबारा आवेदन भेजा, जिसे खारिज कर दिया गया। इसी वजह से वे काफी परेशान चल रहे थे।



एएसआई सतपाल।

सतपाल वर्तमान में चंडीगढ़ सेक्टर 42 स्थित सरकारी आवास में अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहते थे। उनका बेटा सेकंड ईयर में है, जबकि बेटी छोटी है। उनकी एक भांजी भी काफी समय से उन्हीं के पास रहकर पढ़ाई कर रही थी। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में आत्महत्या की बात सामने आई है, हालांकि घटना के पीछे के वास्तविक कारणों को लेकर जांच जारी है।

मोबाइल टूटने के झगड़े में दोस्त को पहाड़ से धक्का देकर की थी हत्या

- रील बनाते हुए झील में डूबने की गलत सूचना दी थी, पुलिस ने आरोपी दोस्त को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

थाना धौज क्षेत्र के गांव सिरोही में एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने उसके ही दोस्त को गिरफ्तार किया है। मृतक के परिजनों ने युवक राजकुमार की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी थी। इसमें पुलिस ने आरोपी मुफीद उर्फ मन्नू वासी गांव सिरोही, फरीदाबाद को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिसको 2 दिन पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

शिकायतकर्ता गौरेलाल निवासी गांव सिरोही ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका 19 वर्षीय बेटा राजकुमार 4 अक्टूबर को शाम को मुफीद के पास गया था। काफी समय तक घर वापस नहीं आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। परिजन मुफीद के घर पहुंचे और राजकुमार के बारे में पूछताछ की। मुफीद ने बताया कि राजकुमार सेल्फी लेते समय सिरोही झील में गिर गया है। परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई तथा झील में राजकुमार की तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। 5 अक्टूबर की शाम राजकुमार का शव सिरोही पहाड़ में पड़ा हुआ दिखाया दिया। परिजनों ने मृतक के मुंह व शरीर पर चोटों के निशान होने की बात बताते हुए मुफीद, उसके पिता जमशेद तथा अन्य व्यक्तियों पर राजकुमार को पहाड़ से नीचे धक्का देकर हत्या करने का आरोप लगाया।



जांच के दौरान 6 अक्टूबर को मुफीद को गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि 4 अक्टूबर को मुफीद ने राजकुमार को फोन कर बुलाया था। दोनों रील बनाने के लिए सिरोही झील के पास पहुंचे और वहां रील बनाते समय मुफीद से राजकुमार का फोन गिरकर टूट गया। जिस पर इनकी कहासुनी और हाथापाई हुई। इसी दौरान मुफीद ने राजकुमार को धक्का दिया, जिससे राजकुमार पहाड़ से नीचे गिर गया।

अंकित की हत्या के सवा माह बाद अमित सैनी ने रिलीज किया उनका ड्रीम सांग

सोनीपत। हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान की हत्या के करीब सवा महीने बाद उनका ड्रीम प्रोजेक्ट 'लेगेसी' सॉन्ग रिलीज हुआ है। सिंगर अमित सैनी रोहतकिया ने इसे गाया है। अमित ने अंकित के साथ सॉन्ग में एक्टिंग भी की। सॉन्ग की स्टार्टिंग में ही अंकित हाथ में गन लेते नजर आए। रिलीज होते ही 24 घंटे में 20 लाख से अधिक लोग इस गाने को देख चुके हैं। इसे अंकित बालियान के ऑफिशियल चैनल पर ही रिलीज किया गया। खास बात है कि गाने के डिस्क्रिप्शन में 'जस्टिस फॉर अंकित बालियान' लिखा है। इसके शुरुआती लिरिक्स "ना दाबे ना दबे किसे तै रुतबा 25 गामा म्ह, तन तै मन तै धन तै बोली सक्षम सारै कामा म्ह"। बता दें, 26 अगस्त को शामली में 5 गोलियां मारकर अंकित की हत्या कर दी गई थी। उनकी मौत के बाद अब अमित सैनी ने इस गाने को पूरा कर रिलीज किया है। अंकित बालियान हत्याकांड में पुलिस ने 2 आरोपियों सुमित और मोहित को मुठभेड़ में मार गिराया था। वहीं, पुलिस के अनुसार मामले में तीन आरोपी अभी फरार हैं।



मेवात कॉलेज में छात्रों का प्रदर्शन प्रशासक के सामने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह

जिला नूंह के पल्ला स्थित मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज में पिछले कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर धरना - प्रदर्शन कर रहे छात्रों और स्टाफ की समस्याएं सुनने के लिए बुधवार को हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक और भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी जाकिर हुसैन कॉलेज पहुंचे। उनके पहुंचते ही छात्रों ने जमकर नारेबाजी शुरू कर दी।

चौधरी जाकिर हुसैन जब छात्रों और स्टाफ से अकेले में बंद कमरे में बातचीत करने जा रहे थे, तो छात्रों ने इसका विरोध किया। छात्रों का आरोप था कि बातचीत सार्वजनिक रूप से सबके सामने खुले में होनी चाहिए। इस पर प्रशासक कॉलेज परिसर में ही धरने पर बिछी दरी पर छात्रों के बीच बैठ गए और समस्याओं को सुना। ज्ञात हो कि गत 17 सितंबर को भी प्रशासक जाकिर हुसैन ने कॉलेज पहुंचकर सैकड़ों छात्रों से बातचीत की थी। उसके बाद कॉलेज की समस्याओं के समाधान और स्टाफ के वेतन के लिए करीब 80 लाख रुपये मंजूर किए गए थे और स्टाफ की 3 महीने की सैलरी भी जारी कर दी गई थी। वहीं दूसरी ओर नूंह से कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने भी इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल से मुलाकात की है।



स्टाफ और छात्रों के बीच पहुंचे वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन।

विवाद हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी में नहीं बन पा रही सहमति

चार मेंबर के गैरहाजिर रहने से फिर अटका बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का बजट बुधवार को भी पास नहीं हो पाया। बजट के लिए बुलाई बैठक में चार मेंबर के अनुपस्थित रहने की वजह से एक बार फिर कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी। इस पर प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि कुछ मेंबर संस्था के काम में रोड़ा अटका रहे हैं। संगत की मांग के अनुसार संस्था का बजट पास करने के लिए बुधवार को कार्यकारिणी समिति की बैठक बुलाई गई थी। परंतु हमेशा की तरह आज भी हरियाणा कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह, कनिष्ठ उप प्रधान गुरबीर सिंह तलाकौर, कार्यकारिणी समिति मेंबर जगतार सिंह और टीपी सिंह नारनौल बैठक में भी नहीं आए। कुरुक्षेत्र स्थित मुख्य कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री को हरियाणा कमेटी का बजट पास करवाने के लिए अपील की थी। इसके साथ ही उन्होंने बैठक में बहुमत का अनुपात बदलने के लिए भी एक्ट में संशोधन के विषय पर अपील की थी, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने इस संबंध में बजट पास करवाने का आश्वासन दिया था।

प्रधान ने कहा कि मांग अनुसार बैठक बुलाई गई थी, उसमें भी उपरोक्त पदाधिकारी शामिल नहीं हुए इसलिए उनकी संगत से अपील है कि जो मेंबर हरियाणा कमेटी के काम में रोड़ा अटका रहे हैं उनके घरों के बाहर धरना देकर उन पर बजट पास करवाने का दबाव बनाया जाए या फिर उनसे इस्तीफा लिया जाए। उन्होंने हरियाणा कमेटी के मेंबर गुरतेज सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोगों के बहकावे में आकर गुरतेज सिंह ने मुख्य दफ्तर के बाहर धरना दिया लेकिन बाद में संगत की विनति करके गुरतेज सिंह मेंबर ने धरना समाप्त कर अपना पिंड छुड़वाया।

अब ऑल इंडिया एक्ट बनाना हो चुका है अनिवार्य : झींडा



पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि पहले दिल्ली कमेटी और बाद में हरियाणा कमेटी के अलग होने के बाद शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर केवल दो प्रदेशों की संस्था बन गई है इसलिए अब ऑल इंडिया एक्ट बनाना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने कहा कि संसद में इस कानून को पास करवाने के लिए ही उन्होंने लेह लद्दाख से मांग पत्र देने का सिलसिला शुरू किया और जम्मू के बाद श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार को भी इस बारे में ज्ञापन देने के साथ-साथ शिरोमणि कमेटी के प्रधान के नाम भी मांग पत्र दिया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का गठन जरूरी है जिसमें कम से कम 211 मेंबर होने चाहिए ताकि पूरे देश के गुरुद्वारा साहिबान का प्रबंध समूचे ढंग से चल सके। इस मौके पर महासचिव अंग्रेज सिंह रनियां, संयुक्त सचिव बलविंदर सिंह भिंडर, कार्यकारिणी समिति मेंबर करनैल सिंह निम्नाबाद, कुलदीप सिंह मुल्तानी, रुपिंदर सिंह पंजोखरा साहिब और पलविंदर सिंह दरड, मेंबर इंद्रजीत सिंह, मेंबर हरमनप्रीत सिंह और सुखजिंदर सिंह मसाना भी मौजूद रहे।

कर्मचारी नेता के बेटे की मौत पर हंगामा चालक की गिरफ्तारी पर अड़े परिजन

- खड़े कैंटर में हुई थी बाइक की टक्कर, ट्रैक्टर ने कुचला था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

बुढ़लाडा रोड स्थित घग्गर नदी के समीप मंगलवार देर शाम हुए सड़क हादसे में 27 वर्षीय विकास कुमार की मौत के मामले में बुधवार को नागरिक अस्पताल में परिजनों ने हंगामा कर दिया। परिजनों ने हादसे में शामिल कैंटर चालक की गिरफ्तारी होने तक न पोस्टमार्टम करवाने और न ही शव लेने की चेतावनी दी। परिजनों का आरोप है कि कैंटर सड़क किनारे खड़ा था और उसकी वजह से बाइक की टक्कर हुई। मृतक के पिता भूप सिंह सहित मुकेश, राकेश, जसवंत, जोगिंदर और अन्य परिजनों ने रोष जताया। मौके पर पहुंचे शहर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने परिजनों को बताया कि पुलिस ने ट्रैक्टर चालक विक्की निवासी मानसा को गिरफ्तार कर लिया है। शाम को पुलिस ने रतिया निवासी कैंटर चालक अशोक कुमार को हिरासत में ले लिया। इसके बाद परिजन शांत हुए। बता दें कि मंगलवार शाम नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान भूप सिंह का बेटा विकास सब्जी मंडी में मुनीम का काम करने के बाद बाइक से बुढ़लाडा रोड की ओर जा रहा था। घग्गर नदी के समीप कबाड़ की दुकान के बाहर सड़क किनारे खड़े कैंटर से उसकी बाइक टकरा गई और वह गिर गया। पीछे से डबल ट्रॉली लगे ट्रैक्टर की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।



रतिया। परिजनों को समझाने का प्रयास करते पुलिस अधिकारी।

उद्योग जगत के विशेषज्ञों की राय

रेपो दर बढ़ाना महंगाई पर नियंत्रण को प्राथमिकता, खपत-निवेश पर असर संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- ऊंची ब्याज दर से योजनाओं पर असर पड़ेगा
- आरबीआई ने करीब चार साल में यह रेपो दर बढ़ाई
- उद्योग मंडल एसोचैम ने आरबीआई के फैसले का किया स्वागत



भारतीय रिजर्व बैंक का रेपो दर बढ़ाने का फैसला वृहद आर्थिक स्थिरता और महंगाई पर नियंत्रण को प्राथमिकता देने का संकेत देता है। हालांकि, ऊंची ब्याज दर से खपत, निवेश एवं विस्तार की योजनाओं पर असर पड़ सकता है।

उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने बुधवार को यह बात कही। आरबीआई ने बुधवार को उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दर रेपो 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया। करीब चार साल में यह रेपो दर में पहली बढ़ोतरी है। साथ ही नीतिगत रुख को 'तटस्थ' से बदलकर 'सूझ-बूझ के साथ सख्त' करने का फैसला भी किया गया। उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल के. मिंडा ने कहा, हम रेपो दर बढ़ाने और मौद्रिक नीति के रुख को बदलने के आरबीआई के फैसले का स्वागत करते हैं।

महंगाई आरबीआई के लक्ष्य से अधिक : वेंकटरमण

भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट की संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी लक्ष्मी वेंकटरमण वेंकटेशन ने कहा, ''अगस्त में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.82 प्रतिशत हो गई है जो आरबीआई के 4.0 प्रतिशत के लक्ष्य से अधिक है। खाद्य कीमतों में बढ़ते दबाव और अनिश्चित बाहरी माहौल के बीच खाद्य महंगाई 5.95 प्रतिशत रही।

बाजार को फैसले की पहले से उम्मीद थीः आनंद राठी : *आनंद राठी समूह के मुख्य अर्थशास्त्री एवं कार्यकारी निदेशक सुजान हाजरा ने कहा, '' बाजार को इस फैसले की पहले से ही उम्मीद थी, इसलिए हमें वित्तीय बाजार पर इसके नकारात्मक असर की आशंका नहीं है...। घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती ने आरबीआई को कदम उठाने की गुंजाइश दी, जबकि खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों तथा रुपये में गिरावट ने मौद्रिक सख्ती के पक्ष में दबाव बढ़ाया।''*

उभरते महंगाई के प्रति संतुलित कदमः *बंधन ग्रुप बंधन ग्रुप के प्रबंध निदेशक अरविंद अग्रवाल ने कहा, ''आरबीआई का फैसला उभरते महंगाई दबाव के प्रति संतुलित कदम को दर्शाता है। साथ ही, यह घरेलू आर्थिक वृद्धि की मजबूती को भी ध्यान में रखता है।*

आगे दरों में और कटौती की संभावना : केयरएज

केयरएज रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा, ''आरबीआई का रेपो दर बढ़ाने का फैसला हमारी उम्मीदों के अनुरूप है। मौद्रिक नीति का रुख 'सोच-समझकर सख्त रुख' अपनाने के निर्णय से आगे दरों में और कटौती की संभावना खत्म होती दिख रही है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए वृद्धि के अनुमान को 0.40 प्रतिशत बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत करना भी मोटे तौर पर हमारी उम्मीदों के अनुरूप था।

आरबीआई का कदम महंगाई पर अंकुशः बैंक

बैंक अधिकारियों और विशेषज्ञों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक का नीतिगत दर बढ़ाने का कदम महंगाई के दबाव को नियंत्रित करने और आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में मदद करेगा, जबकि मजबूत घरेलू मांग और कर्ज प्रवाह के कारण आर्थिक वृद्धि की गति कायम रहने की उम्मीद है।

ब्याज दर में कटौती की संभावना नहीं

इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रेपो दर में बढ़ोतरी महंगाई के जोखिम को नियंत्रित करने के लिए संतुलित और एहतियाती कदम है। इससे संकेत मिलता है कि फिलहाल ब्याज दर में कटौती की संभावना नहीं है।

आवास मांग पर पड़ सकता है असरः रियल एस्टेट

रियल एस्टेट उद्योग और विशेषज्ञों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत ब्याज दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी के फैसले से आगामी त्योहारों के दौरान आवास मांग पर कुछ असर पड़ सकता है। रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा, फिलहाल आवासीय मांग मजबूत बनी हुई है। खरीदारों के स्तर पर मजबूत धारणा, त्योहारी मांग और घर खरीदने की दीर्घकालीन जरूरत को देखते हुए हमारा मानना है कि इस बढ़ोतरी का आवासीय बाजार पर प्रभाव सीमित रहेगा।''

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले वैदबाण आयुर्वेदिक के एमडी सुभाष गोयल



नई दिल्ली। वैदबाण आयुर्वेदिक के एम.डी. सुभाष गोयल को परिवार सहित राष्ट्रपति भवन में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जहां उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस खास मौके पर उनकी बेटी डॉ. मिशेल गोयल भी उनके साथ मौजूद रहीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आयुर्वेद और भारतीय पारंपरिक जीवनशैली को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे उनके प्रयासों की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में हुई इस मुलाकात के दौरान आयुर्वेद, भारतीय खान-पान और पुराने समय की स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े कई विषयों पर बातचीत हुई। चर्चा में भारतीय रसोई में इस्तेमाल होने वाले मसालों, पारंपरिक भोजन और दैनिक जीवन में प्राकृतिक चीजों के इस्तेमाल पर बातचीत हुई। इस दौरान मटके का पानी पीने, दादी-नानी के घरेलू नुस्खों और पुराने समय की जीवनशैली जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। बातचीत में इस बात पर जोर दिया गया कि हमारी पुरानी और प्राकृतिक जीवनशैली में स्वास्थ्य से जुड़ी कई अच्छी बातें हैं, जिन्हें आज की पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। सुभाष गोयल ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलना और उनके हाथों सम्मान प्राप्त करना उनके और उनके परिवार के लिए बहुत गर्व और खुशी का पल है। उन्होंने कहा कि भारतीय आयुर्वेद और हमारी पारंपरिक जीवनशैली में स्वास्थ्य से जुड़ा बहुत पुराना और उपयोगी ज्ञान मौजूद है। इसे लोगों तक पहुंचाना उनकी कोशिश है। डॉ. मिशेल गोयल ने कहा कि राष्ट्रपति जी द्वारा भारतीय परंपराओं और आयुर्वेद से जुड़े विषयों में रुचि दिखाना सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि आज के समय में हमें अपनी पुरानी अच्छी आदतों और प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाने की जरूरत है। राष्ट्रपति भवन में हुई यह मुलाकात सुभाष गोयल और उनके परिवार के लिए एक यादगार अवसर रही। इस अवसर ने भारतीय आयुर्वेद और पारंपरिक जीवनशैली को आगे बढ़ाने के प्रयासों को भी नई प्रेरणा दी।

एयर इंडिया और सिंगापुर एयरलाएंस करेंगे विस्तार

नई दिल्ली। एयर इंडिया और सिंगापुर एयरलाइंस ने भारत तथा सिंगापुर के बीच यात्रियों को उड़ानों के अधिक विकल्प देने के मकसद से अपने वाणिज्यिक सहयोग का विस्तार करने की बुधवार को घोषणा की।

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Dr. Madhur Bajaj
Additional Civil Judge (Senior Division), Fatehabad
Deepak
Vs.
Board of School Education
CNR No. HRFT02-000825-2025
Next Date :- 12-11-2026
Suit for declaration to the effect that the actual mother name of the plaintiff is Sunita, which is duly recorded in the record of certificates/documents of the plaintiff, whereas the mother Aadhar Card, Birth Certificate, and other name of the plaintiff has been wrongly recorded as Suneeta In the certificate of the Secondary School Examination, 2023 under Roll No. 1023081712, under Serial No./Regn. No. AX-304487 issued by the Defendants No. 1 and also in the certificate of the Senior Secondary School Examination, 2025 under Roll No. 17633285, under Serial No./Regn. No. H225/44047/0054 issued by the Defendants No. 2 are incorrect and liable to be corrected as the mother name of the plaintiff is Sunita and as a consequential relief by suit for mandatory injunction thereby mandating the Defendants to correct the mother name of the plaintiff from Suneeta to Sunita in their record and in the certificate of the Secondary School Examination 2023 and also in the Senior Secondary School Examination 2025 issued by the Defendants No. 1 and 2, on the basis of oral and documentary evidences of each and every description.
PUBLICATION ISSUED TO:
No.3 General Public
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **12-11-2026** at **10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Fatehabad**
Additional Civil Judge (Senior Division)
Fatehabad
Dated, this day of **05-10-2026**

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
DHIRAJ YADAV
Civil Judge Junior Division Bahadurgarh
CS/159/2026
BALBIR SINGH
VS.
GENERAL PUBLIC
CNR No. HRJRA0-000220-2026
Next Date:- 10-11-2026
PUBLICATION ISSUED TO :
General Public
:-
GENERAL PUBLIC
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **10-11-2026** at **10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar***
Sd/- DHIRAJ YADAV, Civil Judge, Junior Division, Bahadurgarh
Dated, this day of **06.10.2026**

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
DHIRAJ YADAV
Civil Judge, Junior Division, Bahadurgarh
CS/517/2024
Sunita D/o Hari Parkash W/o Sanjay Singh
VS.
Panmeshwari Wd/o Maha Singh S/o Kali Ram
CNR No. HRJRA0-001118-2024
Next Date:- 04-11-2026
PUBLICATION ISSUED TO :-
Neeraj D/o Late Vijender @ Bijender S/o Maha Singh
:-
Behind Govt. School, Village Iowa Kalan Tehsil Bahadurgarh District Jhajjar also at h.no Rz- 43 gali no. 17 lokesh park bus stand terminal ke peeche gupta market najafgarh. Delhi.
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **04-11-2026** at **10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar***
Sd/- DHIRAJ YADAV, Civil Judge, Junior Division, Bahadurgarh
Dated, this day of **06.10.2026**

पूर्व रेलवे
निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-472, दिनांक 06.10.2026 के लिए खुली ई-निविदा सूचना। सीनि. डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा सं.: ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-472; कार्य का नाम: एमएलडीटी मंडल के संबंध में विद्युतीय कार्य - एमएलडीटी मंडल के तहत रेलवे कॉलोनियों में भूमिगत केबल द्वारा एलटी ओवरहेड लाइन का रूपांतरण तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों का निष्पादन (चरण-II)। निविदा मूल्य : रु. 2,36,53,226.46; बयाना राशि: रु. 4,73,100; निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय: 13.10.2026 से 27.10.2026 को 15.30 बजे तक। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट: www.ireps.gov.in तथा सीनि. डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय के सूचना पट्ट पर। निविदादाताओं से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
(MLD-216/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

रुपया 43 पैसे टूटकर 96.78 प्रति डॉलर पर

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर इसे 5.5 प्रतिशत किए जाने के बाद रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 43 पैसे टूटकर 96.78 (अस्थायी) के स्तर पर रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.37 प्रति डॉलर पर खुला। यह 96.34 से 96.84 प्रति डॉलर के दायरे में कारोबार करने के बाद अंत में 96.78 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 43 पैसे की गिरावट है।

ज्योतिष
कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान जैसा चाहोगे करके दूंगा
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सेंसेक्स 429 अंक गिरा

रेपो दर में बढ़ोतरी से घरेलू शेयर बाजार की तेजी थमी



- कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से निवेशक धारणा प्रभावित
- विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने बाजार पर दबाव डाला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रमुख नीतिगत दर रेपो में करीब चार साल बाद पहली बार बढ़ोतरी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से निवेशक धारणा प्रभावित होने के कारण स्थानीय शेयर बाजार लगातार दो दिन की तेजी के बाद बुधवार को गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 429 अंक की गिरावट आई जबकि निफ्टी 173 अंक टूट गया।

आरबीआई के रेपो दर में 0.25 प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी करने के फैसले से बाजार में गिरावट आई। इसके अलावा कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने भी दबाव डाला। बीएसई का 30 शेयरों वाला

दरों में कटौती की संभावना खत्म हो गई : आरबीआई ने बुधवार को रेपो दर को 0.25 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया जो करीब चार साल में पहली बढ़ोतरी है। साथ ही केंद्रीय बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति का रुख बदलकर 'सोच-समझकर सख्ती' वाला कर दिया, जिससे निकट अवधि में दरों में कटौती की संभावना खत्म हो गई है।

मानक सूचकांक सेंसेक्स 429.11 अंक गिरकर 72,638.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 599.09 अंक के नुकसान के साथ 72,468.72 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 173.05 अंक की गिरावट के साथ 22,603.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 26 के शेयर नुकसान में रहे।

सोना 700 रुपये गिरकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- चांदी 2.27 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही

स्थानीय मांग कमजोर रहने और वैश्विक स्तर पर कीमतों में नरमी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमत लगातार दूसरे दिन गिर गई। सोने का भाव 700 रुपये घटकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये की गिरावट के साथ 1,48,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) रह गया। मंगलवार को सोना 1,49,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।यह एक सप्ताह का निचला स्तर है। सोना 29 सितंबर को 1,48,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को कमजोर वैश्विक संकेतों और खुदरा मांग में नरमी के बीच घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में गिरावट आई। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव के कारण आपूर्ति बाधित होने की नई आशंकाओं के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी सोने की कीमतों में गिरावट को बढ़ावा दिया। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि रुपये में गिरावट ने सोने की कीमतों में अधिक गिरावट को सीमित करने का काम किया।

राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद
(डीपीआईआईटी, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)
पर्यावरण ऑडिट नामित एजेंसी (ईएडीए)
पर्यावरण ऑडिटर्स के लिए आवेदन आमंत्रण
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने पर्यावरण ऑडिट नियमों, 2025 के अंतर्गत ''पर्यावरणीय अनापत्ति, सीआरजेड, आईसीआरजेड और आईपीजेड अनापत्ति सम्बन्धित ऑडिट्स के लिए शुल्क संरचना सहित पूर्व अधिगम की मान्यता (आरपीएल) के माध्यम से पर्यावरण ऑडिटर्स के प्रमाणन एवं पंजीकरण के लिए दिशा-निर्देश'' जारी किए हैं। मंत्रालय ने इन दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन के लिए ईएडीए को नियुक्त किया है। निम्नलिखित के लिए क्वालीफाइड एवं पात्र व्यक्तियों/संगठनों/संस्थानों/फर्मों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-
* प्रमाणित पर्यावरण ऑडिटर — व्यक्तियों के लिए
* पंजीकृत पर्यावरण ऑडिटर — व्यक्तियों/फर्मों/निकाय कॉरपोरेट/संस्थानों के लिए
आवेदन और पात्रता, अनुभव, प्रक्रिया इत्यादि के सम्बन्ध में विवरण के लिए पधारें :
https://eada.npcindia.gov.in
नियंत्रक, ईएडीए, एनपीसी
011-24607306
eada.npc@npcindia.gov.in
सीबीसी 05206/11/0001/2627

उत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा कार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।

Tender No. :	NR-Proj-UMB-293-Leftov-03
Tender title :	अंबाला मंडल के बठिंडा–श्रीगंगानगर खंड में OHE में संशोधन और पंजकोसी/SSP व्या निर्माण; और फिरोजपुर मंडल के लोहियां खास–फिल्लौर खंड में नकोदर/TSS में अतिरिक्ति/ संशोधन कार्य।
App. Cost (Rs.) :	Rs. 1.70 Cr.
Bid Security (Rs.) :	Rs. 3,39,200
Completion Period (Months) :	18 Months
Cost of Tender Document (Rs.) :	Nil
Date of Closing :	10.11.2026, 15:30 Hrs.

निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आई.आर.ई.पी.एस.) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदा कर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी। **नोट:-** तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज़ में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती हैं।
सं.: NR/Proj/UMB/Advt./17 दिनांक: 05.10.2026 3485/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एनएसई ने निवेशकों को टेलीग्राम चैनलों से सावधान रहने की सलाह दी

मुंबई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने निवेशकों को कुछ टेलीग्राम चैनलों के माध्यम से दी जा रही शेयर बाजार संबंधी सलाह, गारंटीड/आश्वासित रिटर्न और अकाउंट हैंडलिंग सेवाओं से सावधान रहने की सलाह दी है। एनएसई के अनुसार, "जेकपॉट ट्रेडिंग निफ्टी" नामक टेलीग्राम चैनल और एटकैपिटलगेन25 हैंडल के जरिए शेयर बाजार में निवेश संबंधी टिप्स, गारंटीड रिटर्न तथा अकाउंट हैंडलिंग सेवाएं दी जा रही हैं। इसके अलावा "ट्रेडिंग एक्सपर्ट" नामक एक अन्य टेलीग्राम चैनल भी निवेश संबंधी शेयर बाजार टिप्स उपलब्ध करा रहा है।एनएसई ने स्पष्ट किया है कि ऐसे किसी भी व्यक्ति या संस्था की योजनाओं में निवेश न करें, जो शेयर बाजार में निश्चित, गारंटीड या आश्वासित रिटर्न का दावा करती हो। निवेशकों को अपना यूजर आईडी, पासवर्ड या अन्य ट्रेडिंग क्रेडेंशियल्स किसी के साथ साझा न करने की भी सलाह दी गई है।निवेशक किसी व्यक्ति या संस्था की वैधता जांचने के लिए एनएसई की "नो/लोकेट यूअर स्टॉक ब्रोकर" सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। एनएसई ने स्पष्ट किया है कि उपरोक्त टेलीग्राम चैनलों का एक्सचेंज से कोई संबंध नहीं है।

हरियाणा सरकार **निविदा सूचना**

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक	एमडीयू रोहतक में सामग्री रिकवरी सुविधाओं (एमआरएफ) के लिए शैड का निर्माण।	05.10.2026 13.10.2026	9.84 लाख	https://mdu.ac.in, & etenders.hry.nic.in	9991366698

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/49990/I/88/6 दि. 07.10.26

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

वृष — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

मकर — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

कुंभ — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

मीन — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

शब्द पहेली - 6371



बाएँ से दाए
1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

ऊपर से नीचे
1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

शब्द पहेली - 6370 का हल

	ग	र	ज	ना		र	स	ही	न	
गु			वा		ढ		हा			ग
जा		म	नी	षा	को	ई	रा	ला		र
र	ट	ना			स			य	म	ज
ना		ना		क	ला	म		क	ल	
	र		गै	र		ह	स्त		ना	
	क	वि		वा	द	क		सु		स
क	म	रा			श			ब	से	रा
प		म	न	मो	ह	न	सिं	ह		बो
ट			क		रा		गा			र
	म	त	ल	ब		ल	र	ज	ना	



सत्यमेव जयते
Department of Telecommunications
Ministry of Communications
Government of India

कनेक्टिंग इंडिया शेपिंग द फ्यूचर



इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026
10 वर्ष

उद्घाटन

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

द्वारा

दिनांक 08 अक्तूबर 2026 | पूर्वाह्न 10:00 बजे | यशोभूमि, नई दिल्ली में

वैश्विक पहुंच । व्यापक प्रभाव।

18,000+ अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि	600+ स्टार्ट-अप एवं नवप्रवर्तक	1,000+ विश्व के विचारशील लीडर
60,000+ sq.m+ प्रदर्शनी एवं अनुभव क्षेत्र	1,50,000+ प्रत्याशित प्रतिभागी	

स्केल विदाउट बाउंड्रिज

आईएमसी 2026 के चार स्तंभ

सृष्टि
(नवाचार एवं भविष्य की प्रौद्योगिकी)

संवर्धन
(विकास एवं वैश्विक विस्तार)

सशक्त
(डिजिटल सशक्तिकरण एवं समावेशन)

सुरक्षा
(विश्वास, सुरक्षा एवं सुदृढ़ता)

इंडिया मोबाइल कांग्रेस का एक दशक

स्वदेशी 4जी
एंड-टू-एंड स्टैक
भारत में डिजाइन एवं निर्मित

5,000 करोड़ +
वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक के
माध्यम से साइबर धोखाधड़ी पर रोक

100 करोड़ +
ब्रॉडबैंड कनेक्शन,
दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा नेटवर्क

33 लाख
बेस ट्रांसवीर स्टेशन,
130 करोड़+ मोबाइल ग्राहकों को जोड़ते हुए

पंजीकरण कर भाग लें

#IMC2026 | info@indiamobilecongress.com | www.indiamobilecongress.com

लाइव प्रसारण :
डीडी न्यूज और सोशल मीडिया
चैनलों पर

न्यूज़

CBC 06201/13/0002/2627

पंजाब के तरनतारन की घटना

गोली मारकर दो युवकों की हत्या, सड़क पर शव फेंका

आरोपियों ने फोन करके मेले में जाने के लिए बुलाया

एजेंसी ▶▶ तरनतारन



पंजाब के तरनतारन में दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। परिजनों के अनुसार, आरोपियों ने फोन करके कहा था कि तुम यहां घर आओ, मेले में चलते हैं। जिसके बाद दोनों उनके घर पहुंचे, जहां पर आरोपियों ने मार-मारकर अधमरा कर दिया। उन्होंने कहा कि जब मारपीट के बाद भी दोनों की मौत नहीं हुई, तो फिर उन्हें 4 से 5 गोलियां मारीं, जिससे उनकी मौत आई और फिर आरोपी गांव के पास सड़क किनारे फेंक कर भाग निकले। सुबह दोनों के शव पड़े मिले। शवों को देखते ही इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई।

दोनों अविवाहित थे

सूचना मिलते ही सब-डिवीजन गोइंदवाल साहिब के डीएसपी हरिंदर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस ने शवों को सिविल अस्पताल तरनतारन में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना चोहला साहिब के अधीन आते गांव पखोपुर में हुई। मृतकों की पहचान गुरजिंदर सिंह उर्फ बिल्ला (26) निवासी गांव खारा और पलविंदर सिंह उर्फ पिंदी (23) निवासी गांव पखोपुर के रूप में हुई है। दोनों युवक अविवाहित बताए जा रहे हैं।

अमृतसर के इन्फ्लुएंसर मैड संधू का सुपारी देकर मर्डर करवाया

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

अमृतसर के मशहूर इन्फ्लुएंसर और मेकअप आर्टिस्ट मैड संधू के मर्डर में पुलिस ने 2 लोगों को राउंडअप किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। अमृतसर पुलिस कमिश्नर हरमनवीर सिंह गिल ने उम्मीद है कि जल्द ही मामले के मुख्य शूटरों और मुख्य साजिशकर्ताओं (किंगपिन) को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि मैड संधू सोशल मीडिया पर चर्चित इन्फ्लुएंसर था, जिसकी वजह से सोशल मीडिया पर उसके खिलाफ

पंजाब पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा, पूछताछ में खुलासा



कई तरह के विवाद भी चल रहे थे। शुरुआती जांच से यह बात सामने आ रही है कि कुछ असामाजिक तत्वों और बदमाशों ने पैसे लेकर (सुपारी देकर) इस कत्ल को अंजाम दिया है। ट्रेपंथी संगठन या अन्य एंगल के बारे में पुलिस कमिश्नर ने कहा कि अभी तक किसी कट्टरपंथी संगठन का हाथ होने का मामला सामने नहीं आया है।

मथुरा-वृंदावन में संस्कृत गुरुकुल में हादसा

पानी की टंकी में जहरीली गैस से चार छात्रों की मौत, एक गंभीर

सफाई के लिए उतरा छात्र, बचाने पहुंचे साथी भी फंसे

एजेंसी ▶▶ मथुरा



मथुरा-वृंदावन के चैतन्य विहार इलाके में मंगलवार रात बड़ा हादसा हो गया। महर्षि पाणिनि संस्कृत गुरुकुल विद्यालय में पानी की अंडरग्राउंड टंकी की सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से चार छात्रों की मौत हो गई। एक की हालत गंभीर बनी हुई है। गुरुकुल परिसर में करीब 12 से 14 फीट गहरी अंडरग्राउंड पानी की टंकी बनी है। पिछले कई दिनों से टंकी से दुर्गंध आ रही थी। मंगलवार रात करीब 10 बजे एक छात्र टंकी की सफाई करने नीचे उतरा। टंकी के भीतर जहरीली गैस होने से छात्र बेहोश हो गया। उसे बचाने के लिए चार साथी भी उतर गए। कुछ ही देर में जहरीली गैस ने सभी को अपनी चपेट में ले लिया और पांचों छात्र बेहोश होकर टंकी में गिर गए।

खबर संक्षेप

जेईई एडवांस्डः आईआईटी मुंबई पहली पसंद बनी

नई दिल्ली। इस साल आईआईटी प्रवेश परीक्षा 'जेईई-एडवांस्ड' में शीर्ष रैंक धारक छात्रों की पहली पसंद कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग रही और शीर्ष 500 रैंक धारकों में से 365 ने इस पाठ्यक्रम को चुना, इसी समूह में से 183 विद्यार्थियों के साथ आईआईटी मुंबई पहली पसंद बना रहा। आईआईटी रुड़की की ओर से जारी 2026 की संयुक्त कार्यान्वयन समिति रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया है।

ट्रक में जा घुसी कार, 4 खिलाड़ियों की मौत



लखनऊ। टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता खेलकर घर लौट रहे देवरिया के 4 खिलाड़ियों की पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। ये मईल और लार थाना क्षेत्र के युवक थे। मृतकों में नित्यानंद, इरफान उर्फ राज, अनिकेत सिंह और आनंद यादव शामिल हैं।

हुमायूं कबीर ने लिया राजनीति से संन्यास

कोलकाता। आम जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख और विधायक हुमायूं कबीर ने रेजीनगर विधानसभा उपचुनाव के नतीजे आने से पहले ही राजनीति से संन्यास की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि भाजपा भारी मतों से जीतेगी, लेकिन इसे जनादेश नहीं माना जा सकता।

स्कूलों और स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में बुधवार को करीब 10 निजी स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों में पहुंचकर जांच शुरू की। हालांकि, तलाशी के दौरान किसी भी स्कूल में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। धमकी को फर्जी बताया है।

सिलचर में बैलेट पेपर से चुनाव, कांग्रेस को 2 सीटें

गुवाहाटी। सभी विपक्षी पार्टियां बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। असम के सिलचर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में बैलेट पेपर से हुए चुनाव में एनडीए ने यहां 42 में से 34 सीटें जीती जबकि कांग्रेस को 2 सीटें मिलीं।

कई राज्यों में मानसून लौटा, यूपी में बाढ़ से मुसीबत, नदियां उफान पर

लखनऊ में 6 दोस्त बहे, उत्तराखंड में बर्फबारी, पंजाब में गिरे ओले

एमपी-बिहार समेत 9 राज्यों में बारिश का अनुमान

उन्नाव में दीवार गिरने से महिला की मौत हो गई

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़/लखनऊ/भोपाल





देश के कई राज्यों में बारिश अब फिर से मुसीबत बनकर सामने आ रही है। देश के ज्यादातर राज्यों से मानसून लौट चुका है। उत्तराखंड, बिहार, हरियाणा, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पंजाब में मौसम तेजी से बदल रहा है। वहीं, हरियाणा के पंचकूला में भी ओले गिरे। पंजाब में बुधवार को मौसम बदल गया। होशियारपुर के दसूहा सहित आसपास के इलाकों में भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। वहीं, पठानकोट में बुधवार सुबह तेज बारिश हुई। बारिश और ओले गिरने से ठंडक बढ़ गई है। पहाड़ों पर हुई बारिश से यूपी में 10 नदियां उफान पर हैं। लखनऊ और सीतापुर समेत 7 जिलों में और गोंडा के 10 गांवों में बाढ़ है। लखनऊ के इटौंजा में बाढ़ के पानी के तेज बहाव में 6 दोस्त बह गए। एक की मौत हो गई। 5 को बचा लिया गया। उन्नाव में दीवार गिरने से महिला की मौत हो गई। उत्तराखंड के कई हिस्सों में मंगलवार देर रात बारिश व बर्फबारी हुई। देहरादून में बारिश हुई जबकि अल्मोड़ा व उत्तरकाशी में तेज बारिश के साथ ओले गिरे।

हिमाचल में 'येलो अलर्ट' जारी

शिमला (भाषा)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में बुधवार को ओलावृष्टि हुई, जबकि राज्य के कई हिस्सों में हल्की से लेकर तेज बारिश दर्ज की गई। शिमला मौसम कार्यालय ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार को राज्य के कुछ इलाकों में गरज-चमक के साथ आंधी और 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना को लेकर 'येलो अलर्ट' जारी किया है।

पश्चिमी विक्षोभ के असर से बदल गया मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके असर से पंजाब और चंडीगढ़ के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। पंजाब में मौसम बदलने और ठंडी हवाएं चलने से बिजली की मांग कम रही।

दुर्गावती बाघ अभयारण्य में छोड़े गए दो चीते

अब मप्र में मिला तीसरा ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र की धरती पर कूनो राष्ट्रीय उद्यान और गांधी सागर अभयारण्य के बाद नौरादेही टाइगर रिजर्व में चीतों को नया ठिकाना मिला है। बुंदेलखंड स्थित वीरांगना दुर्गावती अभयारण्य मप्र में तीसरा ऐसा स्थान बना है, जहां चीते अपने अनुकूल प्राकृतिक आवास में स्वच्छंद होकर विचरण करेंगे। नौरादेही में 41 वर्ष पहले टाइगर रिजर्व की स्थापना हुई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को सागर के रहली स्थित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में 2 चीते (नर व्योम और मादा नीरा) के लिए तैयार किए गए सुरक्षित बाड़े (सॉफ्ट रिलीज बोमा) में विमुक्त किए। उन्होंने कहा कि यह अभयारण्य सबसे खास होगा, क्योंकि अब नौरादेही में पर्यटकों को चीता और टाइगर एक ही रिजर्व में विचरण करते नजर आएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में चीतों की संख्या अब 60 तक पहुंच गई है। प्रदेश की धरती वन्य प्राणियों के लिए सबसे अनुकूल है।

दुर्गा पूजा के नाम पर करोड़ों डकारे : पूर्व मंत्री इंद्रनील सेन ईडी के सामने पेश हुए

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री इंद्रनील सेन दुर्गा पूजा के 'प्रीव्यू शो' के आयोजन और पास की बिक्री में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े मामले में दूसरे दौर की पूछताछ के लिए बुधवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के सामने पेश हुए। ईडी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सेन जब कोलकाता स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे, तो उनके पास पिछले 10 वर्षों के बैंक स्टेटमेंट समेत कई दस्तावेज थे। हमारे अधिकारी पैसों के लेन-देन का पता लगाने और यह तय करने के लिए दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं कि क्या ये लेन-देन सेन की ओर से घोषित आय और खर्च के अनुरूप थे। अधिकारी ने बताया कि इससे पहले ईडी ने मामले में सेन से 30 सितंबर को कई घंटों तक पूछताछ की थी और बाद में उन्हें बैंक खाते, आय, खर्च और वित्तीय लेन-देन से जुड़े 2016 से लेकर अब तक के रिकॉर्ड के साथ फिर से पेश होने का निर्देश दिया था। ईडी ने पहले कहा था कि दुर्गा पूजा के 'प्रीव्यू शो' मामले की धन शोधन संबंधी जांच के दौरान पता चला कि सेन की कंपनी ने बैंकिंग स्रोतों के जरिये बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को 30 लाख रुपये अंतरित किए थे।



■ सेन की कंपनी ने ममता बनर्जी को 30 लाख ट्रांसफर किए थे

यूपीआई शुल्क के खिलाफ व्यापारियों का प्रदर्शन



15 अक्टूबर से लागू होने वाले एमडीआर के खिलाफ आक्रोश

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्र सरकार द्वारा यूपीआई के माध्यम से दो हजार रुपये से अधिक के भुगतान पर 0.4 प्रतिशत का मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाने के फैसले के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी के सदर बाजार के व्यापारियों ने बुधवार को यहां प्रदर्शन किया और सरकार से ऑनलाइन भुगतान पर शुल्क लगाने के बजाय इसे बढ़ावा देने का आग्रह किया। सदर बाजार के कुतुब रोड चौराहे पर व्यापारियों ने 15 अक्टूबर से लागू होने वाले एमडीआर के खिलाफ प्रदर्शन किया और एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) को पूरी तरह से शुल्क मुक्त रखने की मांग की। सदर बाजार बारी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने यूपीआई पर एमडीआर शुल्क लागू करने के फैसले को वापस लेने की मांग की। उन्होंने डिजिटल भुगतान व्यवस्था को व्यापारियों के लिए शुल्क मुक्त रखने की मांग की।

सीईसी के खिलाफ 10 अक्टूबर से प्रदर्शन



लड़ाई आसान नहीं होगी, लंबे आंदोलन के लिए तैयार रहें: सीजेपी

नई दिल्ली (भाषा) कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) एवं छात्र संगठनों ने बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ एकजुट होकर आंदोलन का आह्वान किया। उन्होंने 10 अक्टूबर को होने वाले प्रदर्शन से पहले कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक चुनावी व्यवस्था में व्यापक सुधार नहीं किया जाता। यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इन संगठनों ने ईसी के खिलाफ अपने अभियान को व्यापक राजनीतिक आधार देने की कोशिश की। उन्होंने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के सांसदों द्वारा छह अक्टूबर को निकाले गए विरोध मार्च का समर्थन किया और इस टकराव को लोकतंत्र की रक्षा करने वालों और भाजपा के बीच का संघर्ष बताया। जुलाई में नीट प्रश्नपत्र लीक को लेकर कॉजपा के नेतृत्व में हुए आंदोलन के कारण प्रधान को केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा था। यह समूह 10 अक्टूबर से पहले निर्वाचन आयोग के खिलाफ तेज हो रहे प्रदर्शनों के बीच कुमार के खिलाफ सड़क पर दबाव बनाए रखना चाहता है।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा

भारतीय पति की बांग्लादेशी पत्नी की एंट्री पर रोक सही

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने भारतीय नागरिक की बांग्लादेशी पत्नी को भारत में प्रवेश देने से इनकार करने के इमिग्रेशन अधिकारियों के फैसले को सही ठहराया है। अदालत ने कहा कि उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर महिला की भारत में एंट्री पर रोक उचित थी। पति की याचिका को खारिज कर दिया। यह फैसला न्यायमूर्ति कृष्ण राव की पीठ ने सुनाया। याचिकाकर्ता भारतीय नागरिक प्रदीप ने बांग्लादेशी पत्नी और नाबालिग बेटे को भारत आने की अनुमति देने की मांग की थी।

एक्स-1 वीजा पर आती थी भारत

कोर्ट को बताया गया कि शादी के बाद महिला भारतीय नागरिक की पत्नी के तौर पर मल्टीपल-एंट्री एक्स-1 वीजा के जरिए भारत आती-जाती थी। उसे आखिरी बार 25 सितंबर 2025 को वीजा जारी किया गया था, जो 24 सितंबर 2026 तक वैध था। महिला अप्रैल 2026 में बांग्लादेश गई थी। 23 अगस्त को लौटते समय इमिग्रेशन अधिकारियों ने प्रवेश देने से इनकार कर दिया।

इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश

पति से अनबन पर नहीं दे सकते गर्भपात की अनुमति, जीवन हक

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि मां की शारीरिक स्वायत्तता के साथ-साथ गर्भ में पल रहे अजन्मे बच्चे को भी जीने का मौलिक अधिकार प्राप्त है। ऐसे में पति-पत्नी के बीच सामान्य अनबन के आधार पर गर्भ में पल रहे बच्चे को समाप्त करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर व न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला की खंडपीठ ने गर्भपात की मांग में पत्नी की ओर से दायर याचिका खारिज कर दी।



महिला नहीं देना चाहती थी जन्म

महिला का कहना था कि अब वह बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती है। वह बेरोजगार है और बच्चे का पालन नहीं कर पाएगी। इसलिए उसे 20 सप्ताह के इस गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दी जाए।

हिमाचल प्रदेश की तीन दिवसीय यात्रा पर पहुंची राष्ट्रपति

मुर्मू ने ऐतिहासिक हिडिंबा मंदिर, अटल सुरंग का दौरा किया



मनाली। हिमाचल प्रदेश की तीन दिवसीय यात्रा पर आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को मनाली के ऐतिहासिक हिडिंबा मंदिर और रोहतांग स्थित अटल सुरंग का दौरा किया। मुर्मू मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बाहंग हेलीपैड पर उतरीं। हिमाचल के राज्यपाल कविंदर गुप्ता, मंडी से सांसद कंगना रनौत और मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने उनकी अगवानी की।

रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति के लिए मध्यस्थता करेगा भारत



तीन सूत्रीय शांति योजना सौंपी: जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

करीब पांच वर्षों से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत ने पहली बार दोनों देशों के बीच मध्यस्थता करने के लिए तीन सूत्रीय शांति योजना का एक व्यापक प्रस्ताव सौंपा है। जिसका आखिरकार उद्देश्य हर हाल में इस युद्ध की समाप्ति पर केंद्रित है। वहीं, दूसरी ओर इससे साफतौर पर यह भी स्पष्ट हो जाता है कि अब भारत इस लड़ाई को खत्म कराने के लिए वैश्विक स्तर पर बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। कूटनीतिक सूत्रों ने बताया कि नई दिल्ली का शांति प्रस्ताव केवल दोनों पक्षों के बीच महज गोलीबारी पर विराम लगाने या किसी क्षेत्र विशेष तक ही सीमित नहीं है।

विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया

राजधानी में मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत के रुख से पूरी दुनिया भलीभांति परिचित है। नई दिल्ली ने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से दोनों देशों सहित इस युद्ध से जुड़े अन्य सभी प्रमुख हितधारकों के बीच ईमानदार और व्यावहारिक संवाद की वकालत की है।

पेरिस समझौते को तेजी से लागू करने पर जोर

वैश्विक तापमान वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने की विश्व से की अपील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने ऑस्ट्रेलिया, फिजी और तुवालू द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी) की पूर्व-कॉप-31 बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बुधवार को फिजी में आयोजित यूएनएफसीसीसी) की पूर्व-कॉप-31 बैठक में कॉप-31 प्राथमिकताओं पर पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए जलवायु संबंधी समझ में मौजूद कमियों को दूर करने, मौजूदा जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और पेरिस समझौते के कार्यान्वयन में तेजी लाने पर अधिक ध्यान देने का आह्वान किया।

■ समझौते की कमियों को दूर करने का आह्वान



भूपेंद्र यादव बैठक को संबोधित करते हुए

अंतरराष्ट्रीय कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि है पेरिस समझौता

पेरिस समझौता जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि है। इसे 12 दिसंबर 2015 को पेरिस में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप-21) के दौरान 196 देशों द्वारा अपनाया गया था और यह 4 नवंबर 2016 को लागू हुआ था।इस समझौते का मुख्य लक्ष्य वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस से काफी नीचे रखना है, और कोशिश यह करना है कि यह वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस तक ही सीमित रहे। साथ ही प्रत्येक देश को हर 5 साल में अपनी राष्ट्रीय जलवायु कार्य योजना प्रस्तुत करनी होती है, जिसे 'राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान' कहा जाता है।

यूएनएफसीसीसी की बैठक में भारत ने जलवायु संबंधी आपदाओं पर जताई चिंता

विज्ञान और पारंपरिक ज्ञान की समझ बढ़ाएं

यादव ने कहा कि यूएनएफसीसीसी और इसके पेरिस समझौते के तहत दीर्घकालिक उद्देश्य और लक्ष्य पहले ही निर्धारित किए जा चुके हैं, जिनमें वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने की महत्वाकांक्षा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि विज्ञान और पारंपरिक ज्ञान तथा सामुदायिक प्रथाओं के बीच, व्यवहार और नैतिकता के बीच और उपलब्ध संसाधनों तथा आवश्यक जरूरतों के बीच मौजूद समझ की कमियों को पहचानना और उन पर आम सहमति विकसित करना जरूरी है।

जो कहा था, सभी पक्ष उसे पूरा करें

यादव ने कहा कि सभी पक्षों से यह अपेक्षित है कि वे यूएनएफसीसीसी और पेरिस समझौते के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं को सही मायने में पूरा करें और प्रत्येक पक्ष को इन प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में सक्षम बनाएं। कार्यान्वयन के विषय पर उन कमियों को दूर करने का आह्वान किया।

ठोस उदाहरण प्रस्तुत करें

केंद्रीय मंत्री ने क्षमता निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया और सभी पक्षों से आग्रह किया कि वे हर साल ठोस उदाहरण और सफलता की कहानियां प्रस्तुत करें - जो कार्यान्वयन के साधनों की प्रभावी डिलीवरी को प्रदर्शित करें। उदाहरणों को साल दर साल लगातार साझा करने और उनका विस्तार करने से लक्ष्यों को प्राप्त करने में जमीनी स्तर पर बेहतर परिणाम मिलेंगे।

चुनाव आयोग ने वोट में धांधली और 'वोट चोरी' की, 'इललीगल इलेक्शन कमिश्नर' और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'इललीगल प्राइम मिनिस्टर' बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जब तक मांगें पूरी नहीं हो जातीं, विरोध प्रदर्शन जारी

जंतर-मंतर पर इंडिया गठबंधन का विरोध

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने जंतर-मंतर पर इंडिया गठबंधन के विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि जब उनके सांसद चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार से मिलने गए तो उनसे मुलाकात नहीं हुई। इसके अलावा उन्होंने कई और बातें कहीं। चुनाव आयोग और सरकार पर आरोप भी लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने वोट में धांधली और 'वोट चोरी' की है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को 'इललीगल इलेक्शन कमिश्नर' और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'इललीगल प्राइम मिनिस्टर' (गैर-कानूनी प्रधानमंत्री) बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे जंतर-मंतर पर तब तक प्रदर्शन जारी रखेंगे जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती हैं।



नई दिल्ली। सीईसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में पुलिस द्वारा हिरासतके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता बसों के ऊपर चढ़े गए।

मुख्य बिंदु और हालिया घटनाक्रम

- विरोध का कारणः कॉकरोच जनता पार्टी , कांग्रेस और ईंडी ब्लॉक के नेता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं और उनका इस्तीफा मांग रहे हैं।
- सुरक्षा व्यवस्थाः जंतर-मंतर से लेकर संसद मार्ग तक के इलाके को छावनी में बदल दिया गया है और भारी सुरक्षा बल तैनात हैं।
- यौन हमले के आरोपः जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान कुछ महिला पत्रकारों और प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर दुर्व्यवहार व यौन हमले के आरोप लगाए हैं। एनएसयूआई कार्यकर्ता पर है।
- आगामी प्रदर्शनः सीजेपी द्वारा 10 अक्टूबर को एक बार फिर जंतर-मंतर पर बड़े प्रदर्शन का ऐलान किया गया है।

विरोध मार्च को दिया समर्थन

राहुल गांधी की मंगलवार को आलोचना करने के बाद अचानक से एक दिन बाद बुधवार को एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके ने यूटर्न ले लिया है। अब यह आलोचना समर्थन में बदल गई है। डीएमके के प्रवक्ता टीकेएस एलंगोवन ने कहा है कि अगर ऊंचे पद पर बैठे ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र विरोधी हैं, तो चुनाव निष्पक्ष कैसे हो सकते हैं? उन्होंने कहा कि उन्हें हटाया जाना चाहिए।

सौरभ दास अचानक 'सिविल वॉर' वाली बात क्यों करने लगे



कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सह-संयोजक सौरभ दास ने 10 अक्टूबर के जंतर-मंतर प्रदर्शन से पहले एक बड़ी आशंका जाहिर की है। उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे लोगों को दिल्ली में बुलाया जा रहा है जो प्रदर्शनाकारियों पर हमले कर सकते हैं।

हम एफआईआर से डरने वाले नहीं : हुड्डा



कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भी एफआईआर को लेकर कहा कि क्या वे इससे डरने वाले हैं? उन्होंने कहा कि वे सिर्फ लंच के लिए आए हैं और लंच करेंगे। हुड्डा ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने की उनकी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि एक एफआईआर दर्ज हुई है, जिसमें उनका नाम भी शामिल है। कांग्रेस सांसद शफी परंबिल ने कहा कि प्रदर्शन जारी रहेगा।

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने नई गाइडलाइन

डॉक्टर-अस्पतालों के लिए पॉलिसी बनाई गारंटीड इलाज व नंबर-1 डॉक्टर दावे बैन

विज्ञापन, सोशल मीडिया प्रचार, पॉडकास्ट, वेबसाइट, इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग और एआई से तैयार प्रचार सामग्री तक के लिए नियम तय



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डॉक्टरों और अस्पतालों के प्रचार-प्रसार को लेकर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने नई गाइडलाइन जारी की है। इसमें डॉक्टरों, अस्पतालों और मेडिकल संस्थानों के विज्ञापन, सोशल मीडिया प्रचार, पॉडकास्ट, वेबसाइट, इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग और एआई से तैयार प्रचार सामग्री तक के लिए नियम तय किए गए हैं। गाइडलाइन का मकसद मरीजों को भ्रामक दावों से बचाना और चिकित्सा पेशे की गरिमा बनाए रखना है। डॉक्टर या अस्पताल अपने प्रचार में 'बेस्ट', 'नंबर-1', 'लीडिंग', 'मोस्ट ट्रस्टेड', 'टॉप' या 'नंबर वन स्पेशलिस्ट' जैसे दावे नहीं कर सकेंगे, जब तक इन दावों को स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से साबित न किया जा सके। इसी तरह 'गारंटीड इलाज' जैसे दावे करके मरीजों को आकर्षित करना भी प्रतिबंधित किया गया है। डॉक्टरों को अपने इलाज की सफलता दर या इलाज किए गए मरीजों की संख्या को इस तरह प्रचारित करने से भी रोक दिया गया है, जिससे चिकित्सा सेवा का व्यावसायिक प्रचार नजर आए।

चिकित्सा पेशे की गरिमा को बनाएं

मरीजों को जबरन लालच न दिखाएं



सोशल मीडिया और पॉडकास्ट भी दायरे में

आयोग ने विज्ञापन की परिभाषा को काफी व्यापक रखा है। इसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंच, वेबसाइट, ब्लॉग, व्हाट्सऐप, टेलीग्राम, पॉडकास्ट, इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग, डिजिटल प्रचार और एआई से तैयार प्रचार सामग्री तक को शामिल किया गया है। डॉक्टर या अस्पताल सोशल मीडिया को विज्ञापन के नियमों से बाहर नहीं होंगे।

एआई से मरीज की नकली फोटो या आवाज बैन

नई गाइडलाइन का सबसे नया पहलू एआई से जुड़े प्रचार को लेकर है। आयोग ने कहा है कि एआई से तैयार या एआई की मदद से बनाई गई प्रचार सामग्री का इस्तेमाल मरीजों को गुमराह करने नहीं किया जा सकता।

मरीजों को डराकर इलाज बेचने पर भी रोक

डॉक्टरों को ऐसा प्रचार करने से भी रोका गया है जिससे मरीजों में किसी बीमारी या प्रक्रिया को लेकर अनावश्यक डर पैदा हो और उसके आधार पर इलाज या जांच की मांग बढ़े। मरीज जुटाने के लिए मार्केटिंग करने की अनुमति नहीं होगी।

हरियाणा सरकार
POSHAN Abhiyaan
PM's Overarching Scheme for Holistic Nourishment
Right Nutrition – Bright Nation

मुख्यमंत्री बाल पोषण योजना
हरियाणा सरकार की एक पहल
कुपोषित (SAM, MAM, Severely Underweight)
बच्चों के लिए अतिरिक्त पोषण सहायता



खाओगे चूरमा, बनोगे सूरमा



इस योजना के तहत बच्चों को मिलेगा आंगनवाड़ी में

चूरमा
2 दिन
बच्चों को ज्यादा ऊर्जा

चना बाकली
4 दिन
बढ़ेगा प्रोटीन का सेवन

वितरण प्रति सप्ताह

कुपोषण क्या है?
जब बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से पर्याप्त पोषण नहीं मिलता, तो उनका वज़न और लंबाई सामान्य से कम रह जाते हैं। इससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास पर असर पड़ता है।

यह पहल क्यों?
बच्चों का वजन बढ़ेगा, लंबाई बढ़ेगी, शरीर मज़बूत होगा, बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ेगी, पढ़ने और सीखने की क्षमता बेहतर होगी।

कुपोषण से मुक्ति - स्वस्थ, सक्षम, समृद्ध हरियाणा
इस योजना का लाभ उठाने के लिए आप अपने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क करें ।

महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा
Bays No. 15-20, Sector 4, Panchkula, Haryana-134112. Phone : 0172 256 0349
वेबसाइट: wcdhry.gov.in
हेल्पलाइन: 181 | 1098

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

छलका अभिनेता का दर्द, जहां चाहें भेज दें, मैं तैयार हूं : राजपाल यादव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव को चेक बाउंस मामले में सुप्रीम कोर्ट से थोड़ी राहत मिली है। एक्टर बुधवार को खुद 1.15 करोड़ रुपए का डिमांड ड्राफ्ट लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने जज को बताया कि वह बाकी के 85 लाख रुपए पुश्तैनी संपत्ति के खरीदार के जरिए जमा करेंगे और 13 अक्टूबर तक रकम दे देंगे। उसकी संपत्ति का संभावित खरीदार अनंत प्रकाश यादव न्यायालय में उपस्थित हैं और वे 85 लाख रुपए का भुगतान करने के इच्छुक हैं।

फिल्म की तरह आपका पैसा भी गायबः सीजेआई



कोर्ट में सीजेआई और राजपाल के बीच हल्की-फुल्की बातचीत भी हुई। अभिनेता ने अपनी फिल्म 'अता पता लापता' से हुए आर्थिक नुकसान का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि फिल्म की वजह से उन्हें करीब 200 से 250 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

घुसपैठियों के लिए लड़ रहा संपूर्ण विपक्ष शाहजादे लोग राजनीति में पीछे से आए

एजेंसी ▶▶ वाराणसी



भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को वाराणसी में कहा कि दिल्ली में राहुल गांधी असामाजिक तत्वों के मुद्दे पर अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। वे किसकी लड़ाई लड़ रहे हैं? मैं कांग्रेस के राज परिवार के सदस्यों को स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि आपके परिवार के शाहजादे लोग राजनीति में पीछे से आए हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें जनता के सामने घोषित किया गया और जनता ने जनादेश देकर उन्हें दिल्ली के लाल किले तक पहुंचाया। असामाजिक तत्वों के साथ अराजकता का वातावरण विपक्ष के नेताओं द्वारा निर्मित किया जा रहा है। उनकी नीयत और मकसद को भारत की जनता कभी पूरा नहीं होने देगी।

विश्व दृष्टि दिवस
8 अक्तूबर, 2026
हरियाणा सरकार
NATIONAL HEALTH MISSION

"इस विश्व दृष्टि दिवस पर अपनी आँखों की नियमित जांच करवाने का संकल्प लें..."

अपनी आँखों को स्वस्थ रखने के लिए पौष्टिक भोजन एवं नियमित व्यायाम करें।

तेज धूप में जाते समय धूप का चश्मा पहनें।

काम करते समय स्क्रीन को उचित दूरी पर रखें एवं हर 20 मिनट में, स्क्रीन से 20 सेकंड का विराम लें और 20 फ़ीट दूर किसी वस्तु को देखें।

बच्चे मोबाइल पर गेम खेलने की बजाय बाहर मैदान में खेलें।

आँखें हैं अनमोल



Love YOUR eyes
It's not just Sight
It's an entire FUTURE

आँखों का ख्याल
जिंदगी खुशहाल

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana
स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा
www.nhmharyana.gov.in
Please scan QR Code to visit us
Please Follow us on
@NHMHRY @NationalHealthMissionHaryana
@haryananhm @nhmharyana9720

चिंतन

त्योहार के मौके पर महंगाई चिंता का सबब

त्योहारों का मौसम बाजार में रौनक और घरों में खुशियां लेकर आता है। लोग खरीदारी की योजनाएं बनाते हैं, बाजार उम्मीद से भरते हैं और कारोबारियों को बिक्री बढ़ने की आस रहती है, लेकिन इस बार महंगाई और महंगे होते कर्ज ने त्योहारों की इस खुशी पर चिंता की परत चढ़ा दी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर यह स्पष्ट संकेत दिया है कि महंगाई को लेकर उसकी चिंता बढ़ी है। यानी आने वाले दिनों में आम आदमी के घरेलू बजट पर दोहरी मार पड़ सकती है। एक तरफ वस्तुओं की बढ़ती कीमतें और दूसरी तरफ कर्ज की बढ़ती लागत। रिजर्व बैंक ने रेपो रेट 5.25 से बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया है। लंबे अंतराल के बाद ब्याज दर में यह वृद्धि इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका सीधा संबंध आम आदमी के ऋण से है। रेपो रेट बढ़ने पर बैंकों के लिए धन जुटाना महंगा होता है और उसका असर ग्राहकों तक पहुंचता है। फ्लोटिंग ब्याज दर वाले होम, कार और व्यक्तिगत ऋण की ईएमआई बढ़ सकती है अथवा ऋण चुकाने की अवधि लंबी हो सकती है। नए ऋण लेने वालों को भी अधिक ब्याज देना पड़ सकता है। त्योहारों के समय इसका असर बाजार की मांग पर पड़ना स्वाभाविक है। घर खरीदने, वाहन लेने या महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग ऋण पर निर्भर हैं। ईएमआई बढ़ती है तो परिवार बड़ी खरीदारी टाल सकते हैं। इसका असर केवल उपभोक्ता पर नहीं, बल्कि दुकानदार, निर्माता, परिवहन क्षेत्र और रोजगार तक पहुंच सकता है। चिंता इसलिए भी बढ़ी है कि रिजर्व बैंक ने 2026-27 के लिए महंगाई का अनुमान 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.2 प्रतिशत कर दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, वैश्विक परिस्थितियां और मौसम संबंधी जोखिम खाद्य महंगाई को प्रभावित कर सकते हैं। भारत में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का सबसे ज्यादा असर मध्यम और निम्न आय वाले परिवारों पर पड़ता है। आमदनी सीमित हो और रसोई का खर्च लगातार बढ़ता जाए तो बचत और दूसरी जरूरतों के लिए पैसा कम पड़ना तय है। बेशक, अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर एक अच्छी खबर भी है। 2026-27 की आर्थिक विकास दर का अनुमान 6.7 से बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत किया है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत है, लेकिन आर्थिक विकास का वास्तविक अर्थ तभी है, जब महंगाई की मार आम आदमी की जेब तक न पहुंचे। विकास दर बढ़े और दूसरी ओर जीवन-यापन महंगा होता जाए तो आंकड़ों की चमक और नागरिक के अनुभव के बीच अंतर बढ़ता है। रिजर्व बैंक ने अपने रुख में भी बदलाव किया है। 'कैलिब्रेटेड टाइटनिंग' का संकेत बताता है कि निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश सीमित हो गई है। महंगाई पर नियंत्रण के लिए ब्याज दर बढ़ाना मौद्रिक नीति का जरूरी हथियार हो सकता है। सरकार को आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करनी होगी, जमाखोरी और कृत्रिम महंगाई पर सख्ती करनी होगी तथा खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों से लेकर स्थानीय बाजार में बिचौलियों की भूमिका तक, हर स्तर पर निगरानी जरूरी है। महंगाई नियंत्रित करना जरूरी है, लेकिन इसके साथ लोगों की आय और क्रय शक्ति बढ़ाना भी जरूरी है। रिजर्व बैंक का काम कीमतों की स्थिरता सुनिश्चित करना है, जबकि सरकार की जिम्मेदारी है कि इस प्रक्रिया का बोझ आम आदमी पर न्यूनतम पड़े। त्योहार बाजार की रौनक से नहीं, आम आदमी की जेब में बची खुशी से सफल होते हैं।



25 वर्षों की सेवा

नितिन नवीन

उम्मीद से विकसित भारत के संकल्प तक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की 25 वर्षों की यात्रा को यदि एक शब्द में व्यक्त करना हो, तो वह शब्द है जनविश्वास। कालखंड वही अमर होते हैं, जो राष्ट्र के आत्मविश्वास को नई ऊर्जा और उसके सपनों को नई दिशा देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के शासन-दायित्व के 25 वर्ष ऐसी ही परिवर्तनकारी यात्रा के साक्षी हैं। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई यह यात्रा 7 अक्टूबर 2026 को 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव को पूरा कर चुकी है। निराशा से उम्मीद, उम्मीद से भरोसा और भरोसे से संकल्प तक-यह 25 वर्षों की यात्रा केवल बदलते भारत की कहानी नहीं, बल्कि उस बढ़ते आत्मविश्वास की कहानी है, जिसने देश की आकांक्षाओं को नई दिशा दी।

बात वर्ष 2012 की है। मुझे गुजरात के आनंद जिले में आयोजित सद्भावना मिशन के एक कार्यक्रम में युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में शामिल होने का अवसर मिला था। मैंने देखा कि जिले के लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और उनके क्रियान्वयन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष मेले का आयोजन किया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे दिन लोगों के बीच रहे। वे उनकी बातें सुनते, समस्याओं को समझते और समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते रहे। कार्यक्रम के बाद मैंने उनसे पूछा कि वे पूरे दिन लोगों की समस्याएं सुनने और उनके समाधान के प्रयासों में स्वयं क्यों जुटे रहे। उन्होंने सहज भाव से कहा, "ये लोग केवल अपनी समस्याओं के समाधान के लिए नहीं आते। उनका मुझसे आत्मीय संबंध है, उनकी भावनाएं मुझसे जुड़ी हैं, इसलिए परिवार के सदस्य के रूप में उनके साथ रहना मेरे लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है।"

उनका यह सहज उत्तर उस समय जितना सरल लगा, आज 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन को देखते हुए उतना ही गहरा अर्थ लिए दिखाई देता है। जनता से संवाद और उनकी समस्याओं को अपनी जिम्मेदारी मानना उनके सार्वजनिक जीवन की महत्वपूर्ण विशेषता रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की 25 वर्षों की यात्रा को यदि एक शब्द में व्यक्त करना हो, तो वह शब्द है - जनविश्वास। कालखंड वही अमर होते हैं, जो राष्ट्र के आत्मविश्वास को नई ऊर्जा और उसके सपनों को नई दिशा देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के शासन-दायित्व के 25 वर्ष ऐसी ही परिवर्तनकारी यात्रा के साक्षी हैं। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई यह यात्रा 7 अक्टूबर 2026 को 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव को पूरा कर चुकी है। निराशा से उम्मीद, उम्मीद से भरोसा और भरोसे से संकल्प तक-यह 25 वर्षों की यात्रा केवल बदलते भारत की कहानी नहीं, बल्कि उस बढ़ते आत्मविश्वास की कहानी है, जिसने देश की आकांक्षाओं को नई दिशा दी और राष्ट्र के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान की। किसी भी देश की दिशा केवल उसकी नीतियां तय नहीं करतीं, उसके सपने भी तय करते हैं। स्वतंत्रता से पहले देश के सामने एक स्पष्ट ध्येय था - भारत माता को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करना। उस ध्येय ने भाषाओं, क्षेत्रों और वर्गों में बंटे समाज को एक सूत्र में बांधा और हर सामान्य व्यक्ति को योगदान का अवसर दिया। स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र निर्माण के कार्य हुए, पर उतना स्पष्ट और साझा लक्ष्य कम ही दिखाई दिया। राष्ट्र को लक्ष्य इसलिए चाहिए कि लक्ष्य ही सामान्य जन की ऊर्जा को दिशा देता है। 2010 के आसपास देश में घोर निराशा का वातावरण था-भ्रष्टाचार की खबरें, सुरक्षा को लेकर चिंता और व्यवस्था में भरोसे की कमी साफ़ दिखाई दे रही थी। इसी निराशा के बीच मोदी जी के नेतृत्व में बदलाव की उम्मीद जगी और देश नई दिशा की ओर बढ़ा। उन्होंने भारत के सामने एक बड़ा लक्ष्य रखने की बात की और कहा कि अब देश को छोटे सपने देखने की आवश्यकता नहीं, देश को बड़े सपने देखने चाहिए-2047 तक विकसित भारत। आज यह 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प बन चुका है जिसमें विकास का अर्थ गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा, आदिवासी और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में



अवसरों का विस्तार हो। एक समय हमारे सामने प्रश्न था, क्या भारत यह कर सकता है? आज प्रश्न है, भारत और क्या कर सकता है? यही बदलाव उम्मीद से भरोसे की ओर बढ़ते भारत की कहानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन को समझने के लिए उनके संगठनात्मक संस्कारों को समझना जरूरी है। एक समर्पित स्वयंसेवक के रूप में काम करने से उनके भीतर यह भाव मजबूत हुआ कि सार्वजनिक जीवन का अर्थ पद नहीं, दायित्व है और राजनीति का अर्थ सत्ता नहीं, सेवा है। 7 अक्टूबर 2001 को जब उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री का दायित्व संभाला, तब राज्य 2001 के विनाशकारी भूकंप के मलबे और आंसुओं से जूझ रहा था। भुज और कच्छ के पुनर्निर्माण की उस कठिन चुनौती को उन्होंने जिस इच्छाशक्ति से संभाला, उसने आगे चलकर विकास और आपदा-प्रबंधन के वैश्विक मॉडल का रूप लिया। इसी सेवा-संस्कार को उन्होंने 2014 के बाद राष्ट्रीय स्तर पर सुशासन की रीढ़ बनाया। कभी भारत की अंतरराष्ट्रीय पहचान गंदगी, बदहाली और बीमारियों के रूप में प्रचारित की जाती थी। लाल किले की प्राचीर से जब प्रधानमंत्री ने 'स्वच्छ भारत अभियान' का आह्वान किया, तो यह केवल एक सफाई अभियान नहीं, बल्कि 'स्वच्छता ही सेवा' का एक ऐसा जन-आंदोलन बना जिसने सदियों पुरानी आदतों को बदलकर राष्ट्रीय संस्कार में ढाल दिया। इसी सोच के साथ वित्तीय समावेशन, स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ने का प्रयास हुआ। प्रधानमंत्री जन-धन योजना इसका एक उदाहरण है। अगस्त 2026 तक देश में 59.09 करोड़ जन-धन खाते खोले जा चुके हैं और इनमें लगभग 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं।

मोदी जी के नेतृत्व में लगभग 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए। "विकलांग" से "दिव्यांग" शब्द की ओर बढ़ना केवल शब्दों का परिवर्तन नहीं, बल्कि दृष्टिकोण में बदलाव का प्रतीक था। विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, नमो भारत और वंदे भारत जैसी आधुनिक रेल परियोजनाएं भारत के आर्थिक भूगोल को गति दे रही हैं। अंतरिक्ष विज्ञान में चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर ऐतिहासिक सॉफ्ट लैंडिंग, आदित्य-एल1 का सूर्य की ओर अभियान, आगामी गगनयान मिशन और स्पेस सेक्टर में निजी क्षेत्र की क्रांति ने भारत का डंका बजाया है। सेमीकंडक्टर मिशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम टेक्नोलॉजी में भारत आज दुनिया की अगली कतार में खड़ा है। किंतु राष्ट्र का आत्मविश्वास केवल भौतिक प्रगति से पूर्ण नहीं होता; वह तब सुदृढ़ होता है जब देश को यह भरोसा हो कि राष्ट्रहित में कड़े और ऐतिहासिक निर्णय लेने में नेतृत्व कभी नहीं हिचकेगा। 25 वर्ष पहले एक स्वयंसेवक ने गुजरात में शासन की जिम्मेदारी संभाली थी। आज उसी यात्रा ने भारत के सामने 2047 के विकसित भारत का विराट संकल्प रखा है। यही संकल्प दुनिया भर में हमारे प्रधानमंत्री को मिले सम्मान में भी परिलक्षित होता है। 36 देशों के सर्वोच्च सम्मानों से सम्मानित होना बताता है कि हमारे प्रधान सेवक पर पूरी दुनिया का कितना भरोसा है। यह सम्मान प्रधानमंत्री जी का तो है ही, साथ ही यह 140 करोड़ भारतवासियों का भी सम्मान है और दुनिया भर में रह रहे प्रवासी भारतीयों के साहस, परिश्रम और सफलता का सम्मान भी। इन 25 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि केवल विकास की गति नहीं, बल्कि यह विश्वास है कि भारत बड़े सपने देख सकता है और उन्हें साकार करने का सामर्थ्य भी रखता है। आज देश अपने सामर्थ्य, संकल्प और सामूहिक शक्ति के साथ उन सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

वायु सेना दिवस

डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव



वायुसेना की ताकत बढ़ाने की तैयारी

भारतीय वायु सेना अपनी स्थापना के 95वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। 8 अक्टूबर 1932 को प्रारम्भ हुए सफर ने आज भारतीय वायु सेना को दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में से तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। ऑपरेशन सिंदूर में अपनी क्षमता का लोहा मनवाने वाली भारतीय वायु सेना ने वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट की 2026 की रैंकिंग में लगातार तीसरा स्थान बनाए रखा है। भारतीय वायु सेना ने अपनी युद्धक क्षमता आधुनिकीकरण के दम पर चीन को पीछे छोड़ दिया है। इस रैंकिंग का आधार केवल विमानों की संख्या नहीं है बल्कि वायु सेना की मारक क्षमता, लॉजिस्टिक, पायलटों का प्रशिक्षण और युद्ध की तैयारियों को देखकर यह स्थान तय किया गया है। 94 वर्षों का यह इतिहास वायु सेना के अदम्य साहस, अभूतपूर्व शौर्य, तकनीकी विकास और देश रक्षा की पराकाष्ठा का जीवंत दस्तावेज है। इन दौरान ऐसे कई अवसर आए, जब भारतीय वायुसेना के जांबाजों ने शत्रु के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। ऑपरेशन सिंदूर में तो वायुसेना ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले भी हर चुनौती के समय भारतीय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। हमेशा उन्होंने दुश्मनों को तबाह किया है और प्रत्येक युद्ध को जीतने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। वर्ष 1947, 1965, 1971 के भारत-पाकिस्तान के मध्य लड़े गए युद्धों तथा 1999 के कारगिल संघर्ष यानि कि ऑपरेशन सफेद सागर में भारतीय वायु सेना ने शत्रु सेना की कमर तोड़ने में मुख्य भूमिका निभाई। इसके अलावा संसार के सबसे ऊंचे सियाचिन युद्धक्षेत्र पर रसद पहुंचाना एवं आपदाओं के समय रिकॉर्डतोड़ अभियान चलाना इसकी बड़ी ताकत है। विदेशी सेनाओं के साथ युद्धाभ्यासों की मेजबानी कर अपनी रणनीतिक पहुंच को प्रदर्शित किया है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान अपनी वायुसेना की ताकत बढ़ाने में लगा हुआ है। पाकिस्तान अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति के बाद भी रक्षा बजट बढ़ाकर पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान, बिना पायलट वाले हवाई सिस्टम, आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्लेटफॉर्म, अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस सिस्टम और रणनीतिक गतिशीलता वाले प्लेटफॉर्म को अपने हवाई बेड़े में शामिल करने के प्रयास में लगा हुआ है। चीन की तरफ से भी भारत को और अधिक चुनौतियां मिल रही हैं। चीन के पास वर्तमान में 300 से ज्यादा पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान हैं। इसके अलावा वह अपने एयरबेस को और अधिक उन्नत बना रहा है। ऐसे में भारत के सामने दोहरे मोर्चे का खतरा एक बड़ी सामरिक चुनौती है, जिसके लिए भारत को तैयार रहना है। इस कारण भारतीय वायुसेना को तत्काल 250 लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है। चीन व पाकिस्तान से मिलने वाली सामरिक चुनौतियों के मद्देनजर भारत के पास लगभग 45 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए। उपर्युक्त चुनौतियों के मद्देनजर वायुसेना 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद की तैयारी में है। भारतीय वायु सेना प्रमुख ने हाल ही में बताया है कि इस वित्त वर्ष में बहुप्रतीक्षित बहुदेशीय लड़ाकू विमान राफेल के सौदे को अंतिम रूप देने के लिए भारत आगे बढ़ रहा है। इन विमानों की डील अगले साल की शुरुआत में हो जाने की उम्मीद है। वायु सेना के पास अभी 26 राफेल विमान हैं। भारत रूस के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एसयू-57 के भारत में ही बनाए जाने की तैयारी में है। रूस ने भारत को एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान की सौ फीसदी तकनीक के साथ-साथ सोर्स कोड दिए जाने का ऑफर दे रखा है।

इस ऑफर में रूस ने यह भी कहा है कि एचएएल के जिस प्लांट में सुखोई-30 एमकेआई का उत्पादन होता है, उसी प्लांट में एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान का उत्पादन शुरू हो सकता है। एसयू-57 एक बहु-भूमिका वाला लड़ाकू विमान है जो हवाई क्षमता, जमीनी हमले, टोही मिशन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में सक्षम है। इसमें लम्बी दूरी की आर-37 एम मिसाइलें लगी हुई हैं, जिनकी मारक क्षमता 400 किलोमीटर तक है। इसके अलावा इसमें हाइपरसोनिक मिसाइलें भी लगी हुई हैं, जिनमें उन्नत एवियोनिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सुपर कंडक्टिविटी का बेहतर संयोजन है। इस बीच अमेरिकी प्रशासन भी भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान के सौदे का ऑफर दे रहा है, लेकिन भारत ने इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई है। कुल मिलाकर भारत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के निर्माण की तरफ आगे बढ़ चुका है। निश्चित है कि अब वायुसेना का विमान बेड़ा बढ़ जाएगा और भारत अपनी भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगा।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

क्रियायोग: अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित

दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

किसी व्यक्ति के विचार अच्छे नहीं, तो नीयत साफ नहीं



संकलित

प्रेरणा

महाभारत में द्युत क्रीड़ा में युधिष्ठिर दुर्योधन और शकुनि से सब कुछ हार गए थे। उस समय ये तय हुआ था कि जब पांडव 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा कर लेंगे, तब उन्हें उनका हारा हुआ राज्य लौटा दिया जाएगा। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव और द्रौपदी का 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा हो गया था। शर्त के मुताबिक, दुर्योधन को पांडवों का राज्य लौटाना था। इसके लिए श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे। भगवान ने दुर्योधन से कहा कि पांडवों ने वनवास पूरा कर लिया है, अब उन्हें उनका राज्य लौटा दो। श्रीकृष्ण की बात सुनने के बाद दुर्योधन ने पांडवों को राज्य लौटाने से मना कर दिया। दुर्योधन ने कहा कि वो पांडवों को एक गांव भी नहीं देगा। दुर्योधन की जिद के आगे धृतराष्ट्र, भीष्म, द्रोणाचार्य भी कुछ बोल नहीं सके। इसके बाद श्रीकृष्ण दरबार से जाने लगे तो दुर्योधन ने उनसे कहा कि आप हमारे अतिथि हैं, आप बिना भोजन किए न लौटें। श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं किसी के यहां खाना खाते समय दो बातें ध्यान रखता हूं। पहली, मुझे बहुत भूख लगी हो। दूसरी, सामने वाला मुझे बहुत प्रेम से खिला रहा हो। अभी ये दोनों ही बातें नहीं हैं, न तो मुझे भूख है और न ही तुम मुझे प्रेम से निमंत्रण दे रहे हो। जैसा तुम्हारा स्वभाव है, इसमें भी कोई षड़यंत्र हो सकता है। इतना कहकर श्रीकृष्ण वहां से चले गए और बाद में भगवान ने विदुर के यहां भोजन किया था।

अंतर्मन



आज की पाती

चुनाव आयोग पर सियासी घमासान

भारतीय राजनीति में चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर शुरू हुआ विवाद अब केवल एक संवैधानिक संस्था की कार्यप्रणाली तक सीमित नहीं रह गया है। यह विवाद आने वाले समय की व्यापक राजनीतिक दिशा से भी जुड़ता दिखाई दे रहा है। विपक्षी दल विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ तीखे बयान दे रहे हैं। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी इन आरोपों को राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित बताकर विपक्ष पर पलटवार कर रही है। ऐसे वातावरण में सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि इस राजनीतिक टकराव का जवाब केवल बयानबाजी से दिया जाएगा या तथ्यों और दस्तावेजों के साथ जनता के सामने पूरी तस्वीर रखी जाएगी। - *बलराम सांगवान, भिवानी*

ट्रेंड

प्रतिबद्ध नेतृत्व



मोदी जी ने राजनीति को सत्ता के सुख का साधन नहीं, बल्कि जन-कल्याण और राष्ट्र-निर्माण का अनुष्ठान बना दिया है। 2047 तक 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए ऐसे ही प्रतिबद्ध नेतृत्व की आवश्यकता है। -**राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

साझा संकल्प



विकसित भारत का जो सपना प्रधानमंत्री मोदी जी ने देखा था, वह अब 140 करोड़ भारतीयों का साझा संकल्प बन गया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हम सभी भारतीय पूरी लगन और पूरी ताकत के साथ एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे और विकसित भारत के सपने को साकार करेंगे।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

बीजेपी सरकार का ज़ुल्म



मुख्यमंत्री योगी ने खुद माना है कि उनके शासन में पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासी) का उत्पीड़न जल्द बंद नहीं होने वाला है। दूसरे शब्दों में, आदिवासी लोगों के खिलाफ़ बीजेपी सरकार का ज़ुल्म और अन्याय और बढ़ेगा ही।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

मिलीभगत बेनक़ाब



संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए, कांग्रेस पार्टी और विपक्ष बार-बार सड़कों पर उतरने, गिरफ़्तारियां झेलने या कानूनी मुक़दमों का सामना करने को तैयार है। मोदी सरकार और चुनाव आयोग के बीच की यह मिलीभगत बेनक़ाब हो चुकी है।
- **मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

करंट अफेयर

नेपाल-चीन के बीच तातोपानी सीमा को लेकर बातचीत जारी



नेपाल बाढ़ और भूस्खलन के कारण बंद तातोपानी सीमा नाके से परिवहन सेवाएं फिर शुरू करने के लिए चीन के साथ बातचीत कर रहा है। नेपाल के एक मंत्री ने मंगलवार को यह जानकारी दी।
अवसंरचना विकास मंत्री सुनील लामसाल ने संसद की एक समिति को बताया कि तिब्बत से नेपाल को जोड़ने वाले तातोपानी व्यापार मार्ग को फिर खोलने के लिए चीनी अधिकारियों के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार चीन की सीमा पर स्थित तातोपानी और रसुवागढ़ी दोनों पारगमन बिंदुओं से परिचालन फिर शुरू करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। काठमांडू से करीब 110 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित तातोपानी सीमा नाका नेपाल और चीन के बीच एक महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग है। वहीं, एक अन्य प्रमुख व्यापार एवं पारगमन केंद्र रसुवागढ़ी काठमांडू के उत्तर में रसुवा जिले में स्थित है। रसुवागढ़ी सीमा नाका 26 अगस्त को ऊंचाई वाले इलाके में बड़े पैमाने पर ग्लेशियर ढहने और चट्टान-बर्फ के हिमस्खलन से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद ल्हेंदे, भोटेकोशी और त्रिशूली नदियों में तेज मलबे के साथ बाढ़ आई, जिसमें कम से कम 1,455 लोगों की मौत हो गई।

ऑफ बीट

आराम के समय हृदय गति की भी अपनी छिपी लय होती है



आपने संभवत: 'सर्केडियन रिदम' यानी शरीर की उस 24 घंटे की जैविक घड़ी के बारे में सुना होगा, जो हमारी नींद और जागने के चक्र को नियंत्रित करती है। लेकिन अब यह सामने आया है कि आराम की अवस्था में हृदय की गति भी ऐसी रहस्यमयी और लंबी अवधि वाली लय का अनुसरण करती है, जो बाहरी दुनिया से स्वतंत्र रूप से चलती है। आराम की अवस्था में हृदय गति से आशय उस समय प्रति मिनट दिल की धड़कनों की संख्या से है, जब व्यक्ति शांत और निष्क्रिय अवस्था में हो। यह माप तनाव, थकान और शारीरिक फिटनेस से जुड़ा होता है। अध्ययन में पता चला कि 70 प्रतिशत प्रतिभागियों की आराम की अवस्था वाली हृदय गति एक धीमी जैविक लय का अनुसरण करती थी। 'स्मार्टवॉच' यानी ऐसी डिजिटल घड़ी जो समय बताने के साथ-साथ शरीर और दैनिक गतिविधियों से जुड़ी कई जानकारियां भी दर्ज करती है। इन लय में सप्ताह, महीने या यहां तक कि 10 सप्ताह तक के अलग-अलग चक्र पाए गए। इन चक्रों के दौरान प्रति मिनट दिल की गति एक निश्चित क्रम के अनुसार बढ़ती और घटती रही। इन चक्रों की पहचान से मानव शरीर की जैविक समय-व्यवस्था के बारे में हमारी समझ का विस्तार होता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

मेस्सी की विदाई में दिखा जादू, अर्जेंटीना ने बेनिन को 3-0 से हराया

मेस्सी युग का अंत, 21 साल 126 गोल और अनगिनत यादें



एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना एक ऐसी वास्तविकता का सामना कर रहा है, जिसकी कल्पना करना भी कभी मुश्किल था कि राष्ट्रीय टीम में महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी नहीं होंगे। मेस्सी की विदाई सिर्फ एक महान खिलाड़ी के संन्यास की कहानी नहीं, बल्कि अर्जेंटीना के फुटबॉल के एक स्वर्णिम अध्याय के खत्म होने का भी अहसास है।

मेस्सी (39 वर्ष) ने अर्जेंटीना की जर्सी में अपना आखिरी मैच खेला और दो दशक से अधिक लंबे शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को भावुक विदाई दी। जिस खिलाड़ी ने अर्जेंटीना के फुटबॉल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, उसके जाने के साथ टीम एक ऐसे युग के अंत की गवाह बनी, जिसे हमेशा याद किया जाएगा। मेस्सी ने 21 वर्षों तक खेलते हुए 126 गोल दागे, दो कोपा अमेरिका खिताब और एक विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहा। उन्होंने विदाई मैच में बेनिन पर मिली 3-0 की जीत में पेनल्टी पर गोल किया और अन्य दो गोल करने में मदद की।



मैं इस मैदान को नहीं छोड़ना चाहता : मेस्सी

मेस्सी ने कहा, ' सच तो यह है कि मैं जितना कभी बोला हूं, उससे ज्यादा बोल रहा हूं। मैं यहां से नहीं जाना चाहता, मैं इस मैदान को नहीं छोड़ना चाहता। मैं बस आपसे कहना चाहता हूं कि मैं आपसे प्यार करता हूं, मुझे आपकी कमी खलेगी और मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं कि मैं अर्जेंटीना का हूं। '' अपने लोगों का दिल जीतना

85,000 से अधिक टिकट 90 मिनट में बिके

ब्यूनस आयर्स के सबसे बड़े स्टेडियम के 85,000 से अधिक टिकट 90 मिनट में बिक गए। शुरुआत में करीब 60 से 300 डॉलर कीमत वाले इन टिकटों की दोबारा बिक्री वाली वेबसाइटों पर कीमत 2,500 डॉलर से भी अधिक पहुंच गई। अर्जेंटीना की 1978, 1986 और 2022 की विश्व कप विजेता टीमों के खिलाड़ी उन्हें विदाई देने के लिए लौटे। मैच खत्म होने के बाद मेस्सी की आंखें नम हो गईं, जब उनके साथी उनके चारों ओर इकट्ठा होकर तालियां बजाने लगे। ''ओले, ओले, ओले, ओले, मेस्सी, मेस्सी'' का गूंजता हुआ स्वर स्टैंड से उठा जबकि हजारों प्रशंसक उछलते हुए गा रहे थे और उनकी ओर ऐसे झुके मानो उनकी पूजा कर रहे हों। मिडफील्ड में एक बैनर ने उन्हें 'इटरनल' (शाश्वत) कप्तान घोषित किया।

आईसीसी रैंकिंग : भारतीय कप्तानों का जलवा अय्यर 7वें पायदान पर, टॉप पर बरकरार गिल

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर बुधवार को खेल के सबसे छोटे प्रारुप की ताजा आईसीसी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए जबकि वनडे कप्तान शुभमन गिल ने 50 ओवर की बल्लेबाजी सूची में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। अय्यर की 43 गेंदों पर 10 चौकों और छह छक्कों से सजी नाबाद 102 रन की पारी ने टी20 विश्व चैंपियन को मंगलवार को लखनऊ में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में आठ विकेट की शानदार जीत दिलाई। इस विस्फोटक पारी से अय्यर को 18 पायदान का फायदा हुआ, जिससे वह इस प्रारुप में भारत के तीसरे सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग बल्लेबाज बन गए हैं।



शीर्ष 10 में शामिल भारत के 4 बल्लेबाज

ईशान किशन और अभिषेक शर्मा शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं जबकि तिलक वर्मा 10वें स्थान पर हैं, जिससे भारत के चार बल्लेबाज शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। पंद्रह वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी आठ स्थान के फायदे से 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

गिल की शीर्ष पर स्थिति मजबूत

गिल ने गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे मैच में नाबाद 223 रन बनाने के बाद वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। यह वनडे प्रारुप में उनका दूसरा दोहरा शतक था, जिसने उन्हें 25 रेटिंग अंक दिलाए और इस प्रदर्शन से उन्होंने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 841 रेटिंग अंकों की बराबरी की। पूर्व कप्तान विराट कोहली दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे में शानदार शतक के बाद केएल राहुल को सात पायदान का फायदा हुआ, जिससे वह 10वें स्थान से शीर्ष 10 में वापस आ गए हैं।

रदरफोर्ड को 10 पायदान का फायदा : वेस्टइंडीज के बल्लेबाज शेरफान रदरफोर्ड की तेजतर्रार 56 रन की पारी ने उन्हें 10 पायदान के फायदे से 37वें स्थान पर पहुंचा दिया जबकि पाकिस्तान के हसन नवाज (62 पायदान के फायदे से 48वें स्थान पर) एशियाई खेलों के बाद सूची में ऊपर बढ़े हैं।

प्रणय, मानेपल्ली और चौहान बाहर कृष्णा और पृथ्वी की जोड़ी जीती

वांता (फिनलैंड) (भाषा)। कृष्णा प्रसाद गारागा और पृथ्वी कृष्णामूर्ति रॉय की जोड़ी ने चीन की पांचवीं वरीयता प्राप्त ही जि तिंग और रेन शियांग यू की जोड़ी को हराया लेकिन भारत के पुरुष एकल खिलाड़ियों का आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन के पहले दौर में प्रदर्शन निराशाजनक रहा। कृष्णा और पृथ्वी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त ही और रेन को 10 . 21, 21 . 18, 22 . 20 से मात दी । हालांकि एचएस प्रणय, थारुन मानेपल्ली और रौनक चौहान पुरुष एकल में पहले दौर की बाधा पार करने में विफल रहे।

चौंतीस वर्ष के प्रणय को चौथी वरीयता प्राप्त डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन ने 21 . 10, 21 . 9 से हराया । चौहान को चीन के वेंग होंग यांग के खिलाफ 20-22, 22-20, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि मान्नेपल्ली को डेनमार्क के मैग्नस योहानसेन ने 21-16, 21-14 से शिकस्त दी। तन्वी शर्मा ने ताईवान की चियू पिन चियान को 21 . 15 , 21 . 17 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन ईशारानी बरूआ को शीर्ष वरीयता प्राप्त थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन ने 21 . 10, 21 . 15 से मात दी ।

स्वियातेक ने 1 घंटा 36 मिनट में जीता मैच, क्वार्टर फाइनल में एंट्री



एजेंसी ▶▶| बीजिंग

इगा स्वियातेक ने अमेरिकी टीनएजर इवा जोविच के खिलाफ 6-1, 6-3 से जीत दर्ज करते हुए चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन को जीत हासिल करने में सिर्फ 1 घंटा 36 मिनट लगे। दूसरे सेट में जोविच ने वापसी की थोड़ी-बहुत कोशिश की, लेकिन इसके बावजूद जोविच ने मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा।

पोलिश स्टार ने लगभग तुरंत ही अपना दबदबा बना लिया और शुरुआती पांच गेम तेजी से जीत लिए। जोविच ने छठे गेम में दो सेट प्वाइंट्स बचाकर आखिरकार अपना खाता खोला, लेकिन स्वियातेक शांत रहीं और आखिरकार अपने पांचवें मौके पर सेट जीत लिया।

जोविच ने दिखाया आक्रामक खेल

वर्ल्ड नंबर-13 जोविच ने दूसरे सेट की शुरुआत में ज्यादा आक्रामक खेल दिखाया। स्वियातेक ने शुरुआती गेम में सर्विस तोड़ी और 2-0 की बढ़त बना ली, लेकिन टीनएजर ने अपने ग्राउंडस्ट्रोक में बेहतर गहराई हासिल करना शुरू किया और जल्द ही बराबरी कर ली। अगले गेम में दो ब्रेक प्वाइंट्स बचाकर 3-2 की बढ़त बनाने के बाद मोमेंटम कुछ समय के लिए जोविच की ओर झुक गया। हालांकि, स्वियातेक ने अहम मोड़ पर फिर से नियंत्रण हासिल किया और अमेरिकी खिलाड़ी की सर्विस लगातार दो बार तोड़कर मैच को अपनी पकड़ में कर लिया।

कोको से हो सकता है अगला मुकाबला

स्वियातेक का अगला मुकाबला तीसरी सीड कोको गॉफ या 13वीं सीड एलिस मर्टेंस से होगा। स्वियातेक का दोनों संभावित प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड बेहतर रहा है। गॉफ के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 11-5 और मर्टेंस के खिलाफ 2-0 का है। हालांकि, गॉफ के साथ संभावित मुकाबले में एक अतिरिक्त कहानी भी जुड़ी होगी। हालांकि स्वियातेक ने पिछले 16 मुकाबलों में से 11 जीते हैं, लेकिन गॉफ ने अपनी पिछली चार भिड़ंतों में जीत हासिल की है, और वे सभी सीधे सेटों में जीती हैं।



टिम साउदी का रिकॉर्ड ध्वस्त : रोहतक के तन्मय बने यूथ टेस्ट के नए 'किंग ऑफ स्पिन

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

क्रिकेट के मैदान पर जब कोई युवा खिलाड़ी अपनी कला से इतिहास रचता है, तो वह पल हमेशा के लिए अमर हो जाता है। भारत अंडर-19 और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के बीच खेले गए दूसरे यूथ टेस्ट में कुछ ऐसा ही कमाल कर दिखाया है रोहतक युवा स्पिनर तन्मय बलोदा ने। उनकी कातिलाना गेंदबाजी के दम पर भारतीय युवा टीम ने कंगारुओं को 10 विकेट से रौंदकर सीरीज पर 2-0 से ऐतिहासिक कब्जा जमा लिया है। तन्मय ने इस मुकाबले में अपनी फिरकी का ऐसा मायाजाल बुना कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज चारों खाने चित्त नजर आए। उन्होंने मैच में कुल 14 विकेट झटककर विश्व क्रिकेट में तहलका मचा दिया है। पहली पारी में 32 रन देकर 6 विकेट और दूसरी पारी में महज 41 रन देकर 8 विकेट यानी कुल 73 रन पर 14 शिकार किए। यह यूथ टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का सबसे बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन है।

तन्मय ने 14 विकेट झटककर विश्व क्रिकेट में तहलका मचा दिया

तन्मय की घूमती गेंदों के आगे नतमस्तक हो गए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज

तन्मय बलोदा के ऐतिहासिक प्रदर्शन से भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को रौंदा

न्यूजीलैंड के दिग्गज टिम साउदी और भारत के एस. विद्युत

इसके साथ ही तन्मय ने न्यूजीलैंड के दिग्गज टिम साउदी (12/92) और भारत के एस. विद्युत (12/122) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। वह यूथ टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। टिम साउदी ने 12 विकेट लेकर रिकॉर्ड 2007 में भारत के खिलाफ बनाया और एस विद्युत ने 2001 में भारत की ओर से 12 विकेट लेकर रिकॉर्ड बनाया था। गेंदबाजी के अलावा तन्मय ने पहली पारी में 28 रनों का उपयोगी योगदान भी दिया। मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 174 रन पर सिमटी। इसके जवाब में भारत ने 315 रन बनाए और 141 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम तन्मय की फिरकी के आगे फिर लड़खड़ाई और 151 रन पर ढेर हो गई। भारत ने बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। तंमय के इस प्रदर्शन से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। तंमय के पिता धर्मवीर ने कहा कि बेटे ने बहुत शानदार गेंदबाजी की है। उन्होंने बताया कि इससे पहले 2025 में कूच बिहार ट्रॉफी में भी तंमय ने 14 विकेट लिए थे। तंमय ने अपनी सफलता का श्रेय हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी, मेंटर अश्वनी व परिवार को दिया है।

एशियाई पैरा खेलों में भारत के ध्वजवाहक होंगे भगत-भाविना

18 से 24 अक्टूबर तक नागोया में होगा एशियाई पैरा खेल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत और भाविना पटेल 18 से 24 अक्टूबर तक जापान के नागोया में होने वाले एशियाई पैरा खेलों के उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे।

भारत के सबसे सफल पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों में शामिल भगत ने 2014 से 2023 के बीच एशियाई पैरा खेलों में छह पदक जीते हैं, जिनमें दो स्वर्ण और चार कांस्य पदक शामिल हैं। शीर्ष पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना ने 2018 से 2023 के बीच एशियाई पैरा खेलों में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता है। भाविना ने कहा, 'भारत का ध्वजवाहक चुना जाना मेरे लिए बेहद गर्व का क्षण है।' उन्होंने कहा, 'जब आप तिरंगा थामते हैं तो आपको एहसास होता है कि आप अपने से कहीं बड़ी चीज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मैं प्रमोद के साथ उद्घाटन समारोह में भारतीय दल का नेतृत्व करने को लेकर उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि हमारे सभी खिलाड़ी आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे।





8 अक्टूबर को रवाना होगा भारतीय दल

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) 8 अक्टूबर को विशेष विदाई समारोह में भारतीय दल को औपचारिक रूप से रवाना करेगी। समारोह में खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया मुख्य अतिथि होंगे जबकि युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझडिया ने कहा, ' उद्घाटन समारोह में प्रमोद भगत और भाविना पटेल का भारतीय दल का नेतृत्व करना हमारे लिए बेहद गर्व की बात है।'

नेशंस लीग

हैरी केन ने खेला 125वां मैच, दागे शानदार दो गोल

इंग्लैंड ने चेकिया को 3-0 से हराया



एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड के स्टार स्ट्राइकर हैरी केन ने अपने करियर के 125वें अंतरराष्ट्रीय मैच में दो गोल दागकर एक खास रिकॉर्ड की बराबरी की। उनकी शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने चेकिया को हराया और अगले साल गर्मियों में होने वाले यूईएफए नेशंस लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया। केन के दो गोल ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। केन ने सिर्फ 11 साल और 193 दिनों में इंग्लैंड के लिए 125 मैच खेलने का मुकाम हासिल किया। यह शिलटन (19 साल, 224 दिन) की तुलना में 8 साल और 31 दिन कम समय है।

केन ने इस मुकाबले में दो गोल किए, जो उनके अंतरराष्ट्रीय करियर के 90वें और 91वें गोल रहे। इंग्लैंड ने चेकिया को 3-0 हराकर मैच अपने नाम कर लिया।

सोनम की नजरें विश्व चैंपियनशिप में ओलंपिक कोटा हासिल करने पर

मुंबई (भाषा)। एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता निशानेबाज सोनम मास्कर ने बुधवार को कहा कि उनकी नजरें अगले महीने होने वाली आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान हासिल करने पर हैं।

आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप का आयोजन कतर के दोहा में एक से 14 नवंबर तक किया जाएगा जिसमें 2028 ओलंपिक के लिए कुल 36 कोटा स्थान दांव पर होंगे। सोनम ने यहां पश्चिम रेलवे द्वारा आयोजित मीडिया बातचीत के इतर पीटीआई वीडियो से कहा, ''एक महीने बाद विश्व चैंपियनशिप है जहां ओलंपिक कोटा उपलब्ध हैं।''

2036 ओलंपिक मेजबानी : पेश होगी दावेदारी की पहली प्रस्तुति

भारत का विजन 'राइजिंग टुगेदर'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने घोषणा की कि 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी 'राइजिंग टुगेदर' (साथ मिलकर आगे बढ़ना) के विजन पर आधारित होगी और देश इस महीने के अंत में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के भविष्य मेजबान आयोग के सामने अपनी दावेदारी की पहली प्रस्तुति देगा। आईओसी ने कहा था कि भारत, जर्मनी, कतर और तुर्किये समेत सात देशों ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी में दिलचस्पी जताई है इसलिए इन देशों को अगले महीने आईओसी के भविष्य मेजबान आयोग के सामने अपने खेलों से जुड़े प्रस्ताव पेश करने के लिए आमंत्रित किया गया है।



युवाओं के लिए पैदा होंगे नए अवसर

मांडविया ने कहा, '2036 के लिए भारत की महत्वाकांक्षा एक सरल विचार पर आधारित है कि खेल हमारे देश के भविष्य को आकार देने में मदद कर सकते हैं। ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी से लाखों युवा भारतीय खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित होंगे, स्वस्थ और सक्रिय समुदाय मजबूत होंगे तथा शिक्षा, रोजगार और सामाजिक विकास के क्षेत्र में युवाओं के लिए नए अवसर पैदा होंगे।'

भारत में नहीं हुआ ओलंपिक का आयोजन

अहमदाबाद ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत का पसंदीदा का शहर है। भारत में अब तक ओलंपिक का आयोजन नहीं हुआ है। भारत ने 2024 में खेलों की मेजबानी के लिए अपना दिलचस्पी पत्र (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) आईओसी को सौंपा था। उषा ने कहा कि आईओए भारत की ओलंपिक मेजबानी की आकांक्षाओं को आईओसी की ओर से मिली मान्यता से बेहद सम्मानित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हमें भविष्य के खेलों के संभावित मेजबानों के एक असाधारण समूह का हिस्सा होने पर गर्व है।

'राइजिंग टुगेदर' महज एक नारा नहीं

उषा ने कहा, 'हमारे लिए 'राइजिंग टुगेदर' महज एक नारा नहीं है बल्कि भारत की ऊर्जा, महत्वाकांक्षा और विविधता को एक साझा ओलंपिक सपने के पीछे एकजुट करने की मजबूत प्रतिबद्धता है। ''उन्होंने कहा, ''2036 के लिए विजन (परिकल्पना) तैयार करते समय भारत ऐसे खेलों की मेजबानी करना चाहता है, जो एक युवा, गतिशील और उभरते भारत के आत्मविश्वास को दर्शाएं। साथ ही, यह ओलंपिक और पैरालंपिक आंदोलनों की नई पीढ़ियों, नए समुदायों और दुनिया भर में नए क्षितिज तक पहुंचने की महत्वाकांक्षा में योगदान दे।

मानुष-दीया की जोड़ी चीन स्मैश के सेमीफाइनल में

बीजिंग (भाषा)। मानुष शाह और दीया चितले बुधवार को यहां डब्ल्यूटीटी चीन स्मैश के क्वार्टर फाइनल में रोमानिया के एडवर्ट इयोनेस्कु और बर्नाडेट जोक्स को 3-0 से हराकर इतिहास रचते हुए डब्ल्यूटीटी ग्रैंड स्मैश के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी बन गए। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में रोमानियाई जोड़ी को 11-9, 13-11, 11-3 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। इस जीत के साथ भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए पिछले साल रोमानियाई जोड़ी के हाथों सीधे गेम में मिली हार का बदला भी चुकता किया। हालांकि भारत के मानव ठक्कर पुरुष एकल के अंतिम 32 दौर में फ्रांस के सातवीं वरीयता प्राप्त एलेक्सिस लेबून से 0-3 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। महिला युगल में दीया और यशस्विनी घोरपड़े की जोड़ी को भी अंतिम 16 के मुकाबले में चीन की गाओ युशिन और शियांग जुनलिन के खिलाफ 2-3 से करीबी हार का सामना करना पड़ा।



खबर संक्षेप

एयर मार्शल दीक्षित ने रक्षा मंत्री से की मुलाकात



नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना के अगले प्रमुख नियुक्त किए गए एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। वायुसेना प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा के बाद हुई इस मुलाकात में रक्षा मंत्री ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। एयर मार्शल दीक्षित वर्तमान में वायुसेना के उपप्रमुख हैं और 31 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना के प्रमुख का पद संभालेंगे। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित भारतीय वायुसेना के 29वें प्रमुख होंगे।

उत्तराखंड में नौ तारीख को बजेगा भूकंप का सायरने

देहरादून। उत्तराखंड के चमोली में मंगलवार रात दर्ज किए गए भूकंप के बाद राज्य सरकार ने लोगों को जागरूक करने और भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली की नियमित जांच के लिए अब हर माह की नौ तारीख को सुबह 11 बजे भूकंप का सायरन बजाने का निर्णय लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, प्रदेश के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने आपदा प्रबंधन विभाग को इस संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए देर शाम आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन के साथ बैठक कर इसे प्रभावी ढंग से लागू करने की रणनीति पर चर्चा की ।

यूएन में सांसद बिप्लब देब ने ओआईसी की टिप्पणियों को किया खारिज, कहा

सीमा पार आतंक के खिलाफ कार्रवाई भारत का हक, पीओके में पाक की करतूतों को देखें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा सांसद बिप्लब कुमार देब ने कहा कि आतंकवाद के हर रूप और हर तरीके के खिलाफ लड़ाई जरूरी है। आतंकवाद आज मानवता के सामने सबसे गंभीर खतरों में से एक है। इसका असर अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के साथ-साथ आर्थिक विकास, लोकतांत्रिक व्यवस्था और मानवाधिकारों पर भी पड़ता है

भारत ने जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में आतंकी ढांचे के खिलाफ दिल्ली की कार्रवाई पर इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की टिप्पणियों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि संगठन 'पीड़ित और गुनहगार के बीच फर्क करने में असमर्थ' नजर आता है। पश्चिम त्रिपुरा से सांसद बिप्लब कुमार देब ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की छठी समिति में 'अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद को खत्म करने के उपायों' पर भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा की छठी समिति में भारत की ओर से लोकसभा सांसद बिप्लब कुमार देब ने कहा कि पाकिस्तान से होने वाले सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ अपने लोगों की रक्षा करना भारत का अधिकार है और आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों को इसके परिणाम भुगतने होंगे।

आतंकवाद इंसान के जीवन के अधिकार पर हमला

आतंकवाद यूएन के मूल्यों के पूरी तरह खिलाफ है

आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों को परिणाम भुगतने ही होंगे



सांसद बिप्लब कुमार देब

जम्मू-कश्मीर पर ओआईसी का वक्तव्य अनुचित

देब ने साफ कहा कि पाकिस्तान से होने वाले सीमा पार आतंकवाद से अपने नागरिकों की रक्षा करना भारत का अधिकार है। उन्होंने चेतावनी दी कि आतंकवाद में शामिल होने या उसे बढ़ावा देने वालों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश का ओआईसी की ओर से किया गया अनुचित उल्लेख भी खारिज कर दिया। ओआईसी ने अपने बयान में दक्षिण-पूर्व एशिया में सैन्य तनाव और पाकिस्तान में कई स्थानों पर किए गए अनुचित हमलों का जिक्र किया था। हालांकि, इस बयान में भारत का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया गया था।

योगी बोले- मोदी-आबे की दोस्ती का आधार विश्वास से बना था

रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आबे मेमोरियल कॉरिडोर का लोकार्पण



आबे मेमोरियल कॉरिडोर का लोकार्पण करते सीएम योगी और अकी आबे

- पद बदलते रहे लेकिन मोदी और आबे की मित्रता कायम रही
- कन्वेंशन सेंटर भारतीयों की ओर से शिंजो आबे को श्रद्धांजलि

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पीएम नरेंद्र मोदी और जापान के पूर्व पीएम दिवंगत शिंजो आबे की दोस्ती को याद करते हुए कहा कि यह रिश्ता पद से नहीं, बल्कि विश्वास से बना था। पद बदलते रहे, लेकिन दोनों नेताओं की मित्रता कायम रही। सीएम ने बुधवार को रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में जापान की पूर्व प्रथम महिला और शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे के साथ आबे मेमोरियल कॉरिडोर का लोकार्पण किया। योगी ने इसे पीएम मोदी, 140 करोड़ भारतीयों और उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से शिंजो आबे को श्रद्धांजलि बताया। उन्होंने कहा कि जापान ने काशी को रुद्राक्ष दिया और अब काशी उसी रुद्राक्ष में जापान के पूर्व पीएम की स्मृति को हमेशा के लिए संजो रही है।

भारती एयरटेल के पोस्टपेड प्लान 50 रुपये महंगे

नई दिल्ली। भारती एयरटेल ने अपने 'पोस्टपेड' शुल्क में 50 रुपये की बढ़ोतरी की है। इसके तहत नए प्लान में हर साल एक अंतरराष्ट्रीय रोमिंग यात्रा मुफ्त दी जाएगी। नए प्लान आठ अक्टूबर, 2026 से लागू होंगे और मौजूदा 'पोस्टपेड' ग्राहकों को एक महीने के भीतर उनके मौजूदा प्लान से सबसे नजदीकी ऊंची राशि वाले प्लान पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि मुफ्त अंतरराष्ट्रीय रोमिंग की सुविधा 2,000 रुपये की है। इस तरह नए प्लान के तहत पोस्टपेड शुल्क मौजूदा शुल्क के मुकाबले 50 रुपए बढ़ जाएगा।

भारत-घाना में कृषि, रक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर

नई दिल्ली। भारत और घाना ने आपसी रिश्तों को और मजबूत बनाने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मिलकर काम करने, व्यापार बढ़ाने और विकास से जुड़े क्षेत्रों में सहयोग का दायरा बढ़ाने पर चर्चा की है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने घाना के विदेश मंत्री सैम ओकुजेटो अबलाक्वा से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच व्यापक साझेदारी को आगे बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की। इस दौरान अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी देशों के आर्थिक संगठन के साथ भारत के बढ़ते जुड़ाव पर भी जोर दिया गया। दोनों के बीच दो समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान भी हुआ।

सहारनपुर जिले में पुलिस ने छह करोड़ से अधिक की स्मैक बरामद

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कुल तीन तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से छह करोड़ रुपए से ज्यादा मूल्य की स्मैक बरामद की है। जनकपुरी थाना क्षेत्र में पुलिस, नारकोटिक्स रोधी प्रकोष्ठ, सर्विलांस, स्वाट और एसओजी की संयुक्त टीम ने सूचना के आधार पर जांच एवं निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान तकिया खान को गिरफ्तार को रोककर उसकी तलाशी ली। तो उसके कब्जे से दो किलो 24 ग्राम स्मैक बरामद की गई। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब चार करोड़ चार लाख 80 हजार रुपए है।

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकवादियों का ठिकाना नष्ट

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने बुधवार को आतंकवादियों के एक ठिकाने का पता लगाकर उसे नष्ट कर दिया। एक एके-47 राइफल, तीन हथगोले तथा भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया। गुप्त सूचना के आधार पर, पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों की संयुक्त टीम ने हंदवाड़ा के नागदा नार के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने एक पुराने ठिकाने का पता लगाकर उसे नष्ट कर दिया। और वहां से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

सिर्फ को-पायलट को पता था मारे जाएंगे विमान के सभी सवार

दुबई। फ्लाईदुबई की फ्लाइट 1073 में 174 मुसाफ़िर और 8 क्रू मेंबर में से एक वो ख़ुद भी था, यानि को-पायलट हमाम-अल-हमामी। हमामी अकेला था जिसे पता था कि कुछ देर बाद इस प्लेन में सवार सभी मुसाफिर और क्रू मेंबर मारे जाएंगे। यहां तक कि खुद वो भी। हालांकि प्लेन के पायलट यानी कैप्टन स्मित मच्छार को सबसे पहले मरना था, क्योंकि हमामी प्लेन क्रैश करने से पहले ही कॉकपिट में कैप्टन को मारने वाला था। इसके बाद इस प्लेन को क्रैश करने के लिए किसी तीन में से उसे ऐन वक्त पर एक टारगेट चुनना था।



यूक्रेन का काला सागर में बड़ा हमला

तेल टैंकर को ड्रोन से बनाया निशाना, 23 भारतीय सुरक्षित

भारतीय नाविकों वाले जहाज पर 48 घंटे में तीसरा हमला

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

काला सागर (ब्लैक सी) में रूसी तट के पास एक लाइबेरियाई ध्वज वाले तेल टैंकर पर यूक्रेनी नेवल ड्रोन से भीषण हमला हुआ है। इस जहाज पर चालक दल के रूप में सभी 23 भारतीय नाविक तैनात थे। हमले के तुरंत बाद समुद्र में फैले कच्चे तेल में भयानक आग लग गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि सभी 23 भारतीय क्रू मेंबर्स को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाल लिया गया है। रूसी परिवहन मंत्रालय के मुताबिक, यह हमला रूस के प्रमुख रिसॉर्ट शहर सोची के पास हुआ, जिसकी आबादी लगभग पांच लाख है।

कीव समेत 12 इलाकों पर बड़ा हमला, 12 मरे

मास्को। लंबे वक्त से चल रहा रूस-यूक्रेन युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों देश एक-दूसरे पर ताबड़तोड़ हमले कर रहे हैं। इसी बीच बुधवार को रूस ने एक बार यूक्रेन पर मिसाइलें दागीं। रूस ने कीव समेत 12 इलाकों में मिसाइलों और ड्रोन से अटैक किया। इस हमले में करीब 12 लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, रूस ने रात में बैलिस्टिक मिसाइलों से यूक्रेन की राजधानी पर हमला किया, जिसमें दो की मौत हो गई।

क्रिकेटर विराट कोहली की टीम ने दिया जवाब

प्रेमानंद महाराज से मिलने 5 करोड़ लेने का आरोप गलत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा की प्रेमानंद महाराज पर गहरी आस्था है। किंग कोहली पत्नी अनुष्का के साथ प्रेमानंद महाराज के आश्रम पर कई बार जा चुके हैं। लेकिन कोहली का वृंदावन के केलीकुंज आश्रम जाने की यह परंपरा बीते दिनों तब विवादों में घिरी, जब यह आरोप लगाया गया कि विराट कोहली 5 करोड़ रुपए लेकर प्रेमानंद महाराज के आश्रम में गए। दरअसल फलाहारी महाराज दिनेश शर्मा ने यह आरोप लगाया कि कोहली 5 करोड़ रुपए लेकर प्रेमानंद महाराज से मिले। शिष्य रसिक दुलारी की संदिग्ध हालत में हुई मौत के बीच दिनेश शर्मा के इस आरोप ने नई सनसनी मच गई।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28